दैनिक
# भीम प्रज्ञा

PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-95 | झुंझुनू (राजस्थान) | बुधवार, 25 फरवरी, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्यः 5.00

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

आलोचना से घबराने वाला व्यक्ति ठहर जाता है,
और उसे स्वीकार कर सुधारने वाला व्यक्ति निखर जाता है।

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

## दूसरों को गिराकर नहीं, उठाकर मिलती है असली ऊँचाई

समाज में हम अक्सर ऐसे लोगों से रूबरू होते हैं जो दूसरों को छोटा दिखाकर स्वयं को बड़ा साबित करने की कोशिश करते हैं। वे आलोचना, उपहास और तिरस्कार के माध्यम से यह जताने का प्रयास करते हैं कि वे श्रेष्ठ हैं। लेकिन गहराई से देखें तो यह व्यवहार आत्मविश्वास का नहीं, बल्कि अंदरूनी डर और असुरक्षा का संकेत होता है। जो व्यक्ति अपनी काबिलियत को लेकर आश्वस्त नहीं होता, वही दूसरों को नीचा दिखाकर स्वयं को 'सुरक्षित' महसूस करना चाहता है। मैं यहां बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है।

मानव मनोविज्ञान बताता है कि असुरक्षा की भावना व्यक्ति को नकारात्मक प्रतिक्रियाओं की ओर धकेलती है। जब किसी को लगता है कि उसकी तुलना में दूसरा अधिक सक्षम, लोकप्रिय या सफल है, तो वह ईर्ष्या का शिकार हो सकता है। यह ईर्ष्या कई बार स्वस्थ प्रतिस्पर्धा में बदल सकती है, लेकिन जब आत्मसम्मान की कमी होती है, तो यही भावना दूसरों को गिराने के प्रयास में परिवर्तित हो जाती है। व्यक्ति को भ्रम होता है कि यदि सामने वाला कमजोर दिखेगा, तभी वह स्वयं मजबूत दिखाई देगा। यह प्रवृत्ति केवल व्यक्तिगत स्तर तक सीमित नहीं है; कार्यस्थलों, सामाजिक समूहों और यहाँ तक कि परिवारों में भी देखने को मिलती है। कार्यालयों में कुछ लोग सहकर्मियों की उपलब्धियों को कमतर आंकने की कोशिश करते हैं। मित्र समूहों में भी कभी-कभी व्यंग्य और कटाक्ष के माध्यम से किसी को असहज किया जाता है। परिवारों में भाई-बहनों या रिश्तेदारों के बीच तुलना और आलोचना का माहौल बन जाता है। यह सब उस मानसिकता का परिणाम है जो स्वयं को स्थापित करने के लिए दूसरों को गिराने का सहारा लेती है।

वास्तव में, ऐसा व्यवहार किसी को स्थायी लाभ नहीं देता। जो व्यक्ति दूसरों को छोटा दिखाता है, वह अपनी नकारात्मक छवि स्वयं गढ़ता है। समाज धीरे-धीरे उसकी सोच को पहचान लेता है और उससे दूरी बनाने लगता है। अल्पकालिक संतोष भले मिल जाए, लेकिन दीर्घकालिक सम्मान कभी प्राप्त नहीं होता। सम्मान अर्जित करने के लिए चरित्र, सहानुभूति और आत्मविश्वास की आवश्यकता होती है, न कि आलोचना और अपमान की। सच्ची महानता दूसरों को ऊपर उठाने में है। जो व्यक्ति अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखता है, वह दूसरों की सफलता से भयभीत नहीं होता। वह जानता है कि किसी और की प्रगति उसकी प्रगति को कम नहीं करती। बल्कि सहयोग और सकारात्मकता का वातावरण सभी के लिए लाभकारी होता है। एक स्वस्थ मस्तिष्क वही है जो अपनी सीमाओं को स्वीकार करता है और दूसरों की विशिष्टताओं का सम्मान करता है। समाज को ऐसे दृष्टिकोण की आवश्यकता है जहाँ प्रतिस्पर्धा हो, परंतु कटुता नहीं; जहाँ आलोचना हो, परंतु अपमान नहीं। सकारात्मक प्रतिस्पर्धा व्यक्ति को बेहतर बनने के लिए प्रेरित करती है, जबकि नकारात्मकता केवल संबंधों को कमजोर करती है। यदि कोई व्यक्ति दूसरों को नीचा दिखाने का प्रयास करे, तो उसके शब्दों को अपनी आत्ममूल्य का आधार नहीं बनाना चाहिए। ऐसे लोगों से बहस करने के बजाय संयम और दूरी बनाए रखना ही बुद्धिमानी है। हर प्रतिक्रिया आवश्यक नहीं होती; कई बार मौन ही सबसे प्रभावी उत्तर होता है। यह भी याद रखना चाहिए कि हर व्यक्ति की यात्रा अलग होती है। किसी की उपलब्धि हमें प्रेरित कर सकती है, लेकिन तुलना का जाल हमें कमजोर कर देता है। यदि हम स्वयं पर ध्यान केंद्रित करें, अपने कौशल को विकसित करें और अपने लक्ष्य स्पष्ट रखें, तो दूसरों को गिराने की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी। आत्मविश्वास का वास्तविक स्रोत भीतर से आता है, बाहरी प्रशंसा या तुलना से नहीं। भारतीय संस्कृति में भी विनम्रता को उच्च स्थान दिया गया है। कहा जाता है, 'जो पेड़ फलों से लदा होता है, वह झुका रहता है।' इसका अर्थ है कि जितना व्यक्ति गुणों और उपलब्धियों से समृद्ध होता है, उतना ही विनम्र होता जाता है। जो लोग वास्तविक रूप से सक्षम होते हैं, उन्हें अपनी श्रेष्ठता साबित करने की आवश्यकता नहीं पड़ती। उनका आचरण और कार्य स्वयं उनकी पहचान बन जाते हैं। आज के दौर में सोशल मीडिया ने तुलना और प्रतिस्पर्धा की भावना को और बढ़ा दिया है। लोग अपनी उपलब्धियों का प्रदर्शन करते हैं, और कई बार दूसरों की उपलब्धियों को कमतर आंकने की कोशिश भी करते हैं। ऐसे समय में मानसिक संतुलन और आत्मसम्मान को बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। हमें यह समझना होगा कि असली बड़प्पन दूसरों को दबाने में नहीं, बल्कि उन्हें साथ लेकर आगे बढ़ने में है। अंततः, ऊँचाई पाने के लिए पंखों की आवश्यकता होती है, न कि किसी और की नींव काटने की। यदि हम दूसरों को गिराकर ऊपर चढ़ने की कोशिश करेंगे, तो हमारी नींव ही कमजोर हो जाएगी। लेकिन यदि हम सहयोग, सम्मान और सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ेंगे, तो हमारी प्रगति स्थायी और सम्मानजनक होगी।

समाज को ऐसे व्यक्तित्वों की आवश्यकता है जो प्रेरणा बनें, न कि भय का कारण। जो आत्मविश्वास से भरे हों, न कि असुरक्षा से। और जो दूसरों को छोटा दिखाने के बजाय, उन्हें साथ लेकर ऊँचाई की ओर बढ़ें। क्योंकि अंततः, सच्ची महानता वही है जो अपने साथ-साथ दूसरों के जीवन में भी प्रकाश भर दे।

# जयपुर विधानसभा : नौकरी के दौरान स्थायी दिव्यांगता पर आश्रितों को मिलेगी अनुकंपा नियुक्ति

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जयपुर ।** राज्य सरकार ने उन कर्मचारियों के परिजनों को बड़ी राहत देने का निर्णय लिया है, जो ड्यूटी के दौरान बीमारी के कारण स्थायी रूप से पूर्ण दिव्यांग हो जाने पर नौकरी करने में सक्षम नहीं रहते। सरकार ने घोषणा की है कि ऐसे कर्मचारियों के पात्र आश्रितों को भी अनुकंपा नियुक्ति दी जा सकेगी। विधानसभा में मंगलवार को नोहर विधायक अमित चाचाण ने 11 साल से कोमा में चल रहे हनुमानगढ़ जिले के ललाना निवासी कांस्टेबल सुभाष चंद्र के परिवार को अनुकंपा नियुक्ति देने का मामला ध्यान आकर्षण प्रस्ताव के जरिए उठाया। इस पर संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि यह मानवीय मूल्यों से जुड़ा विषय है और सरकार ऐसे मामलों में राहत देने का प्रयास करेगी।

मंत्री पटेल ने बताया कि नियम 2023 के बिंदु संख्या 2 के अनुसार पहले केवल ड्यूटी के दौरान दुर्घटना से स्थायी दिव्यांग होने की स्थिति में ही अनुकंपा नियुक्ति का प्रावधान था, जबकि कांस्टेबल सुभाष चंद्र की दिव्यांगता बीमारी के कारण उत्पन्न हुई थी। इसी कारण पहले नियुक्ति संभव नहीं हो पा रही थी। हालांकि, हालिया बजट संशोधन के बाद बीमारी के कारण पूर्ण दिव्यांग होने के मामलों में भी नियमानुसार अनुकंपा नियुक्ति दी जा सकेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सुभाष चंद्र के मामले में विभागीय



निर्देशानुसार जल्द कार्यवाही कर परिवार को राहत प्रदान की जाएगी।

### 11 साल बाद सुभाष के परिवार को मरहम

नोहर विधायक अमित चाचाण ने विधानसभा में सरकार से मांग की कि 'राजस्थान स्थायी पूर्ण दिव्यांग सरकारी कर्मचारी के आश्रितों की अनुकम्पात्मक नियुक्ति नियम-2023' के बिंदु संख्या 14 के तहत विशेष शक्तियों का उपयोग करते हुए पुत्र राहुल कड़वासरा को कनिष्ठ सहायक पद पर नियुक्ति दी जाए। ये कांस्टेबल सुभाष चंद्र हैं। सबकुछ अच्छा चल रहा था। साल 2015 में चुनाव में ड्यूटी के दौरान अचानक बेहोश होकर गिर गए। 11 साल हो गए। सुभाष अभी भी कोमा में हैं। अंग काम नहीं कर रहे हैं। वे स्थायी दिव्यांग हो चुके हैं। सुभाष परिवार में अकेले कमाने वाले थे। उनके बीमार पड़ने से परिवार इन दिनों घोर आर्थिक ?परेशानी से गुजर रहा है। (सरकारी नियमों के अनुसार बीमार होने पर भी एक निश्चित समय तक ही वेतन मिलता है) विधायक अमित चाचाण के मुताबकि, सुभाष के बेटे राहुल कड़वासरा ने कनिष्ठ सहायक के लिए आवेदन किया था लेकिन विभाग में खारिज कर दिया। जबकि सीएमएचओ की ओर से जारी प्रमाण पत्र में सुभाष चंद्र को स्थायी पूर्ण दिव्यांग घोषित किया गया है। ऐसे में उनके एक आश्रित को तत्काल सरकारी नौकरी दी जाए।

### 7 साल से सदन में उठ रहा मामला

विधायक चाचाण ने बताया कि वे पिछले 7 वर्षों से यह मामला लगातार उठा रहे हैं। वर्ष 2023 में उनकी मांग के बाद अनुकंपा नियुक्ति में शिथिलता दी गई थी, लेकिन अब तक नियुक्ति नहीं हो पाई। उनका कहना है कि परिवार में कमाने वाला कोई नहीं है, जिससे रोजी-रोटी का संकट बना हुआ है।

### बजट घोषणा में भी छूट दी गई

मंत्री ने बताया कि बजट 2026-27 में सरकार ने घोषणा की है कि राजकीय सेवा में रहते हुए यदि कर्मचारी को ऐसी डिसएबिलिटी हो जाती है, जिसके कारण वह राजकार्य करने में सक्षम नहीं रहता, तो उसके पात्र आश्रित को भी अनुकंपा नियुक्ति दी जाएगी। पहले यह प्रावधान केवल ड्यूटी के दौरान दुर्घटना से स्थायी डिसएबिलिटी के मामलों तक सीमित था।

# डालसा सचिव अमित वर्मा ने किया सेफ हाउस का निरीक्षण

**भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।**

**भांडोरिया ।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेवाड़ी सचिव अमित वर्मा ने मंगलवार को सेफ हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित स्टाफ से वैवाहिक जोड़ों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। सचिव अमित वर्मा ने सेफ हाउस इंचार्ज को निर्देश दिए कि जो भी वैवाहिक जोड़े वहां रुकने के लिए आए उनके कागजात सही रूप से चेक किए जाए तथा उनका रिकॉर्ड रखा जाए। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उनकी हर संभव सहायता के लिए तत्पर है। कानूनी सहायता और उनकी सेवाओं के बारे में सभी को जागरूक किया जाए ताकि कानून की सहायता का लाभ उठा सके। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेवाड़ी समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को सहायता और समर्थन प्रदान करने के लिए कार्यरत है। विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्ग के लोगों के लिए निशुल्क कानूनी सेवाओं की पेशकश करना व साथ में उनके अधिकारों के बारे




में जागरूक करने का प्रयास करता है। सीजेएम अमित वर्मा ने बताया कि लीगल एड द्वारा सीनियर सिटीजन, महिलाएं, बच्चों, अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों व तीन लाख से कम वार्षिक आय वाले सभी व्यक्तियों को निशुल्क में कानूनी सहायता दी जाती है और कोई भी जन कानूनी सहायता के लिए उप मंडल विधिक सेवा समिति या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में संपर्क कर सकता है। इसके अलावा नालसा हेल्पलाइन 15100 पर भी संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# विद्यार्थीयो को ड्रेनेज परियोजना एवं स्वच्छता के बारे में किया जागरूक

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नवलगढ़।**

**कमल किशोर पंवार ।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) की सामुदायिक जागरूकता व जन सहभागिता इकाई द्वारा नियमित रूप से की जाने वाली गतिविधियों की कड़ी में मंगलवार को नवलगढ़ शहर में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहल्ला खटीकान में विद्यार्थी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन रुडीप के अधिशाषी अभियन्ता नूतन प्रकाश सैनी व कनिष्ठ अभियन्ता संजू पूनिया के निर्देशानुसार किया गया। सामुदायिक जागरूकता व जन सहभागिता ईकाई के सहायक सामुदायिक विकास विशेषज्ञ भींव सिंह सैनी ने विधार्थियों को नवलगढ़ शहर में चल रहे बरसाती पानी के जल भराव की निकासी हेतु किये जा रहे ड्रेनेज कार्यो के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया और जल संरक्षण का संकल्प दिलाया। वर्तमान में शहर के विभिन्न हिस्सों में बरसाती जल भराव की स्थिति के बारे में जानकारी दी एवं बरसाती जल भराव के निस्तारण हेतु विभाग द्वारा किये जा रहे कार्य को विस्तारपूर्वक बताया।




सोशल सेफगार्ड जितेन्द्र कुमार शर्मा ने विद्यार्थीयो को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के महत्व पर जानकारी दी एवं उन्होंने बताया ड्रेनेज परियोजना के माध्यम से नवलगढ़ शहर को जल भराव की समस्या से निजात मिलेगी। विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य अरुण कुमार ने कहा की विद्यालय में इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चो में जागरूकता बढ़ाते है। इस कार्यक्रम मे एसओटी टीम के प्रमोद कुमार सैनी ने विधार्थियों को बताया गंदे पानी से कई तरह की बीमारियाँ जैसे डेंगू, मलेरिया आदि फैल सकती है इस लिए अपने आस पास साफ सफाई का ध्यान रखें व गन्दा पानी इकट्ठा नहीं होने दें। कार्यक्रम में विद्यालय के सुमेर सिंह व शेखर ने अपनी सहभागिता निभाई।


# डालसा सचिव अमित वर्मा ने किया सेफ हाउस का निरीक्षण

**भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।**

**भांडोरिया ।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेवाड़ी सचिव अमित वर्मा ने मंगलवार को सेफ हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित स्टाफ से वैवाहिक जोड़ों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। सचिव अमित वर्मा ने सेफ हाउस इंचार्ज को निर्देश दिए कि जो भी वैवाहिक जोड़े वहां रुकने के लिए आए उनके कागजात सही रूप से चेक किए जाए तथा उनका रिकॉर्ड रखा जाए। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उनकी हर संभव सहायता के लिए तत्पर है। कानूनी सहायता और उनकी सेवाओं के बारे में सभी को जागरूक किया जाए ताकि कानून की सहायता का लाभ उठा सके। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेवाड़ी समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को सहायता और समर्थन प्रदान करने के लिए कार्यरत है। विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्ग के लोगों के लिए निशुल्क कानूनी सेवाओं की पेशकश करना व साथ में उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने का प्रयास




करता है। सीजेएम अमित वर्मा ने बताया कि लीगल एड द्वारा सीनियर सिटीजन, महिलाएं, बच्चों, अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों व तीन लाख से कम वार्षिक आय वाले सभी व्यक्तियों को निशुल्क में कानूनी सहायता दी जाती है और कोई भी जन कानूनी सहायता के लिए उप मंडल विधिक सेवा समिति या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में संपर्क कर सकता है। इसके अलावा नालसा हेल्पलाइन 15100 पर भी संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# बीलवा ग्राम पंचायत में जीरो प्लास्टिक वेस्ट कैंपेन सफल

**भीम प्रज्ञा न्यूज.खेतड़ी।**

बीलवा ग्राम पंचायत में मंगलवार को'जीरो प्लास्टिक वेस्ट कैंपेन' का आयोजन बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ। खेतड़ी ब्लॉक समन्वयक रेखा, राजीविका रिसोर्स पर्सन अनीता, ग्राम सेवक राकेश और प्राचार्य चरण सिंह सेरावत की उपस्थिति में गांधी फेलो श्रद्धा के कुशल निर्देशन में यह अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत जागरूकता सत्र से हुई, जिसमें सुदेश ने प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्प्रभावों, इसके विकल्पों और प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनाने पर विस्तृत जानकारी दी। ग्रामीणों ने प्लास्टिक उपयोग कम करने का संकल्प लिया। इसके बाद स्कूली बच्चों ने गांव में जोरदार रैली निकाली। नारे लगाते हुए बच्चे सड़कों पर घूमे और 'प्लास्टिक छोड़ो, पर्यावरण बचाओ' जैसे संदेश फैलाए। रैली के दौरान इकट्ठा किए गए पुराने कपड़ों से राजीविका की महिलाओं ने हाथ से थैले तैयार किए और इन्हें गांव के दुकानदारों को उपहार में भेंट किया। यह पहल प्लास्टिक बैग के स्थान पर कपड़े के थैलों को बढ़ावा देने में सफल रही।कार्यक्रम में चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की




गई, जिसमें बच्चों ने प्लास्टिक प्रदूषण पर आधारित रचनात्मक चित्र बनाए। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

खेतड़ी ब्लॉक समन्वयक रेखा ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की और कहा कि यह अभियान गांव को प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में मजबूत शुरुआत है। गांधी फेलो श्रद्धा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कैंपेन ने ग्रामीणों, खासकर महिलाओं और बच्चों में पर्यावरण जागरूकता बढ़ाई है। राजीविका की महिलाओं की रचनात्मक पहल आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण का बेहतरीन उदाहरण बनी। यह कार्यक्रम बीलवा को पर्यावरण-अनुकूल गांव बनाने की ओर ले जा रहा है और आसपास के गांवों के लिए प्रेरणा स्रोत साबित होगा।

# पीएम केयर लाभार्थी प्रिया यादव को विशेष वित्तीय साक्षरता जागरूकता

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** कोटपूतली-बहरोड, 21 फरवरी - कोरोना महामारी से प्रभावित बच्चों के संरक्षण एवं सशक्तिकरण हेतु संचालित पीएम केर फॉर चिल्ड्रन स्कीम के अंतर्गत बानसूर क्षेत्र (झुझा वालों की ढाणी) की निवासी प्रिया यादव सुपुत्री मूल चन्द यादव को विशेष वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम से जोड़ा गया। यह पहल भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग एवं एसएलबीसी के निर्देशानुसार संपन्न हुई। इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के प्रतिनिधि एवं अग्रणी जिला प्रबंधक कोटपूतली-बहरोड़ मोहन लाल मीना ने प्रिया यादव को बैंकिंग संचालन, डिजिटल



लेन-देन, सुरक्षित बचत एवं निवेश के संबंध में व्यवहारिक जानकारी प्रदान की। उन्होंने आश्वस्त किया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की बैंकिंग सहायता या मार्गदर्शन की आवश्यकता होने पर बैंक सदैव सहयोग के लिए तत्पर रहेगा। कार्यक्रम में बचत खाता संचालन, पासबुक एवं एटीएम/डेबिट कार्ड का सुरक्षित रखरखाव और उपयोग, मोबाइल/नेट बैंकिंग तथा प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही ओटीपी, पिन, यूपीआई एवं बैंक विवरण साझा नहीं करने, साइबर फ्रॉड से बचाव तथा फिशिंग कॉल/संदिग्ध संदेशों की पहचान कर तुरंत बैंक से संपर्क करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष जागरूकता प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त बजट प्रबंधन, दीर्घकालीन बचत, सावधि जमा/आयकर जमा जैसी सुरक्षित निवेश योजनाओं एवं बीमा/पेंशन विकल्पों की जानकारी देकर लाभार्थी को आत्मनिर्भर भविष्य के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान यह भी बताया गया कि बच्चों के संरक्षण एवं उनके अधिकारों की सुरक्षा हेतु जिला स्तर पर जिला बाल संरक्षण इकाई का गठन जुवेनाइल जस्टिस एक्ट 2015 के अंतर्गत किया गया है। इस कार्यक्रम में राजीविका से ब्लॉक परियोजना प्रबंधक कमलेश मीना की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने भी लाभार्थी को स्वरोजगार, स्वयं सहायता समूह से जुड़ाव तथा कौशल विकास के अवसरों के संबंध में जानकारी प्रदान की तथा विभागीय सहयोग का आश्वासन दिया।

# पूरी दुनिया में मशहूर हैं

## दस शहर



दुनिया बेहद खूबसूरत है। अगर प्राकृतिक ने हमारी गोद में सुंदरता की बरमार सौगात में दी है तो लोगों ने भी इस दुनिया को सजाने में अपनी मेहनत के रंग भरे हैं। आज हम आपको दिखाते हैं दुनिया के सबसे रंगीन शहर जो अपनी खूबसूरती के लिए जाने जाते हैं।

### Nyhavn, Copenhagen

डेनमार्क में बसे इस शहर में 17 और 18वीं शताब्दी की इमारतें, बार, कैफ़े, रेस्टोरेंट्स आदि हैं जो लकड़ी, ईंट और प्लास्टर से बने हैं। नहर के पास बने इस शहर की खूबसूरती किसी का भी मन मोह लें।

Buenos Aires, Argentina

अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में ला बोका (La Boca) नाम की जगह है जो अपने खुले म्यूज़यिम के लिए मशहूर है। यहां के लोगों ने अपने आस-पड़ोस की दीवारों पर कबाड़ के सामान और बचे हुए रंगों से बहुत ही सुन्दर म्यूरल्स और ग्राफ़िटी बनाई हैं।

### St. John's, Newfoundland and Labrador, Canada

सेंट जॉन न्यूफ़ाउंडलैंड, लैब्राडोर की राजधानी है। यह कनाडा के सबसे पुराने शहर हैं, जिसका इतिहास 1400 साल पुराना है। इस जगह का आर्किटेक्चर बहुत ही निराला है क्योंकि पुराने समय में जहाज के कप्तान अपने घर के लिए एक रंग चुनते थे, जिससे समुद्र से घर को आसानी से पहचाना जा सके। यही वजह है कि ये शहर इतना रंगीन है।

Valparaiso, Chile

समुद्र पर बसा वल्परईसो शहर, चिली का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक गढ़ है। यहां लोगों ने अपनी क्रिएटिविटी दिखाकर घरों को रंग-बिरंगे रंगों से सजाया है।

Izamal, Mexico

इस शहर को "मैजिकल सिटी" नाम दिया गया है क्योंकि यहां की इमारतों से सूर्य जैसा पीला रंग छलकता है। पत्थर से बनी सड़कें और लाइमस्टोन के चर्च और सरकारी इमारतें इस शहर की सुंदरता को और बढ़ाती हैं।

### Wroclaw, Poland





पोलैंड के इस शहर में पर्यटकों के देखने लायक बहुत सारी चीजें हैं जैसे रेस्टोरेंट, कैफे आदि लेकिन इस शहर का सबसे सुन्दर भाग है, यहां के रंग-बिरंगे घर जो पूरे वातावरण को सजीव बनाता है।

### Rio de Janeiro, Brazil

2010 में ब्राज़ील की सरकार ने रिओ की बस्तियों को सजाने का काम शुरू किया था। आज यहां की बस्तियां एक बड़ा सा रंग-बिरंगा कैनवास बन गई हैं। इस इलाके में अब टूरिस्ट्स का तांता लगा रहता है।

Jodhpur, India

भारत के राजस्थान में बसा जोधपुर शहर जो ब्लू सिटी के नाम से मशहूर है। यहां के घरों और इमारतों को रॉयल ब्लू रंग में रंगा गया है। ये प्रचलन जोधपुर के राज परिवार ने शुरू किया था। नीले रंग में रंगा गया ये शहर, शान्ति और शीतलता का एहसास देता है।

### Pattaya, Thailand

पट्टाया में सुन्दर बीच तो है ही लेकिन यहां की इमारतों के रंग हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। यहां के घर और होटलों को कई रंगों में रंगा गया है जो इस शहर को दुनिया का सबसे रंगीन शहर बनाता है।

### Burano Island, Italy

चार आइलैंड के द्वीप समूह में स्थित इस शहर में मोहक सड़कें और नहरें हैं लेकिन उससे भी खूबसूरत यहां की इमारतें हैं जो खूबसूरत रंगों से चमचमाती हैं। यहां खास बात यह है कि यहां सरकार निर्धारित करती है कि आप अपने घर को किस रंग से रंगवा सकते हैं।

# जमीन के ऊपर नहीं

## अंदर हैं 10 शानदार झीलें



झीलों की ख़ूबसूरती हमेशा से ही लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती रही है। इनकी सुंदरता का जिक्र कई गीतों, शायरों की शायरी और बहुत सारी प्रेम-कहानियों में भी हुआ है। आपने भी वैसे तो बहुत सारी झीलें देखी होंगी लेकिन जिन झीलों के बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं, वह रोमांच से भरी पड़ी हैं क्योंकि ये झीलें जमीन पर नहीं बल्कि अंडर ग्राउंड हैं। यह झीलें पूरी दुनिया में प्रसिद्ध हैं।

### रीड फ्लूट लेक

चीन के तांग वंश के समय में गुइलिन में स्थित रीड फ्लूट लेक लगभग 1300 साल पुरानी है।

### वूकेई होल

ब्रिटेन के सामर सेट में स्थित ये गुफ़ा दुनिया के सबसे बड़ी गुफ़ाओं में से एक है।

### चेडर नदी घाटी

ब्रिटेन की 9000 साल पुरानी इस घाटी में 1903 में पूर्ण नर कंकाल मिला था। लाइम स्टोन की बनी हुई ये घाटी एक अंडर ग्राउंड नदी का परिणाम है।

### मेल्लिअसनी लेक

कैलीफोर्निया में स्थित इस झील की खोज 1943 में आए एक भूकंप की वजह से हुई थी।

### लेचुगुइल्ला लेक

मेक्सिको के कार्ल्सबैड सवेर्न्स नैशनल पार्क यहां की सबसे बड़ी गुफ़ा में शामिल है, जहां ये झील अपनी छटा बिखेरती है।

### सेवर्न लेक

चूना पत्थर से बनी मेक्सिको की गुफ़ाओं में स्थित इस झील में दीवारें एक वॉटर फाल की तरह दिखता है।

### बंफ्फ लेक

कनाडा के बंफ्फ नैशनल पार्क में स्थित ये झील अपनी ख़ूबसूरती के लिए दुनियाभर में जानी जाती है।

### युकाटन लेक

दुनिया के सबसे खूबसूरत झीलों में से एक युकाटन लेक मेक्सिको के मेकन चे में स्थित है।

### लुरेई सवेर्न्स

अमरीका के वर्जीनिया में स्थित इस झील को देखने दुनिया भर से पर्यटक यहां आते हैं।

### हेमिल्टन पुल

टेक्सस में स्थित हेमिल्टन पूल का निर्माण एक गुफ़ा की छत ढहने से हुआ था।



# नाव और कुत्तों की सवारी के लिए मशहूर हैं आठ देश



**कई तरह की लग्जरी सुविधाओं से लैस ट्रेन, बसों, हवाई जहाज से बहुत सारे सफर किए होंगे, लेकिन कभी बांस की ट्रेन, हाथियों और ऊंट की पीठ पर सवारी की है? शायद नहीं। दुनिया भर में ऐसी कई सारी जगहें हैं जहां टूरिस्टों को बिल्कुल अनोखे अंदाज में शहर घूमने का मौका मिलता है जो वाकई एक अलग ही एक्सपीरिएंस होता है। तो ऐसे ही अलग राइड्स का मजा कहां और किससे मिलता है, इसे जानेंगे और जब भी जाने का मौका मिले तो एक बार इनपर सवारी करना तो बनता है।**

हजारों सालों से पेरू और बोलीविया के टीटीकाका झील के किनारों पर एक खास तरह की टोटोरा बोट मिलती है जिसे रीड बोट्स भी कहा जाता है। जो दुनिया की सबसे पुरानी बोट्स में शामिल हैं। अलग-अलग साइज में मिलने वाली इन नावों को यहां के ऊरोज जनजाति के लोग अपने हाथों से तैयार करते हैं। ड्रेगन की शेप वाले इस नाव को पुराने जमाने में बुरी आत्माओं को भगाने के लिए इस्तेमाल किया जाता था, ऐसा लोग मानते हैं। हल्की होने के कारण पानी में ये बहुत ही तेज रफ़्तार से चलती है। जिससे सफर आसानी से कट जाता है और मंजिल तक समय से पहुंच जाते हैं।

नार्वे के शांत वातावरण का एक्सपीरिएंस कुछ अनोखे तरीके से करना हो तो डॉग स्लीडिंग बेहतरीन ऑप्शन है। यहां के साल्टफेले-स्वार्टिसेन और जॉटुनहाइम नेशनल पार्क अपनी नेचुरल ब्यूटी के लिए जाने जाते हैं जहां तक पहुंचाने में बिनापहिए वाली गाड़ी, जिसे साइबेरियन डॉग खींचते हैं की मदद ली जा सकती है। इस स्लीडिंग का मजा लेने के लिए ओस्लो से 3 घंटे तक का सफर तय करना पड़ता है। टुकटुक, रिक्शे जैसा दिखने वाला वाहन जिसमें आगे साइकिल नहीं बाइक होती है और टुकटुक चलाने वाला बकायदा हेलमेट पहने नजर आएगा। तीन पहिए वाली ये गाड़ी मोटर की मदद से चलती है और इसका भी बहुतायत तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। सबसे पहले टुकटुक थाईलैंड में चलाई गई थी उसके बाद ये लाओस, कंबोडिया, पाकिस्तान से होते हुए इंडिया में आईं। धूल और प्रदूषण से परे इसकी सवारी वाकई मजेदार होने के साथ ही अन्य वाहनों के मुकाबले सस्ती भी होती है। ट्रेन, बस, अलग-अलग सुविधाओं वाली कार के होते हुए भी थाईलैंड में लोग हाथी की सवारी करना ज्यादा पसंद करते हैं। शाही सवारी का अनुभव कराने के साथ ही थाईलैंड के जंगलों को घूमने का मजा इसी से आता है। यहां एक छोटा सा हाथियों का गांव भी है जहां जाकर हाथियों को खिला सकते हैं, बेबी एलिफेंट के साथ मस्ती कर सकते हैं और उनके साथ फोटो भी खिंचवा सकते हैं। थाईलैंड साल भर टूरिस्टों से भरा रहता है। तो बीच पर घूमने के अलावा जंगलों की सैर हाथी पर करना भी एक अच्छा ऑप्शन है।कंबोडिया की राजधानी नामपेन्ह के बत्तामबैंग शहर में लोहे की नहीं बल्कि बांस की ट्रेन देखने को मिलती है। बांस की लकड़ियों से बने खांचे के ऊपर छोटे इलेक्ट्रॉनिक इंजन और नीचे पटरी पर आराम से दौड़ने वाले पहिए, वाकई आवाजाही के लिए गजब का इनवेन्शन है। बड़ी-बड़ी ट्रेनों और बसों को पीछे छोड़ कंबोड़िया में लोग एक शहर से दूसरे शहर जाने के लिए ज्यादातर इसका ही इस्तेमाल करते हैं। इसे वहां की सरकार ने भी मान्यता दे रखी है। कंबोडिया के खमेर इलाके में इसे "नौरी" कहते हैं। लेकिन इसकी सबसे अजीबोगरीब चीज है कि लोहे की ट्रेन सामने आने पर इस पर से कूदना पड़ता है।



न्यूजीलैंड शहर को एक्सप्लोर करने की सोच रहे हैं तो इन ट्रांसपेरेंट गेंदों(जोर्ब) की मदद ले सकते हैं। घाटियों और पहाड़ों से लुढ़काई जाने वाली इस गेंद में बहुत स्पेस होता है जिसमें एक या दो नहीं बल्कि कई सारे लोग एक साथ बैठ सकते हैं। जोर्ब की सबसे मजेदार बात होती है कि ये पहाड़ों, सड़कों के अलावा पानी में भी इस्तेमाल किए जा सकते हैं। वहां के लोग इसे किवी कहते हैं जो बंजी जम्पिंग, व्हाइट वाटर राफ्टिंग और स्काईडाइविंग जैसे खेलों जितना ही मजेदार खेल है। रंग-बिरंगी, नियॉन लाइट्स और वूडू पोस्टर्स से सजी हुई बसें ग्वाटेमाला में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए इस्तेमाल की जाती है जिसे "चिकन बस" के नाम से पुकारा जाता है। पुरानी बसों को बिल्कुल अलग तरह से तैयार कर इसे स्कूल बस के तौर पर भी इस्तेमाल करते हैं। बड़े-बड़े पहाड़ों पर इससे सफर करना आसान होता है। पहले बसों में बकरियों और मुर्गियों की भी सवारी होती है इसलिए इस चिकन बस कहा जाने लगा। लेकिन ग्वाटेमाला में सबसे ज्यादा लूट-पाट भी इन्हीं बसों में होती हैं।



# SDM महिमा कसाना की पहल पर आंगनबाड़ी केंद्रों का कायाकल्प, नन्हे बच्चों को मिली आधुनिक फर्नीचर की सौगात

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।**

**सोहनलाल परिहार** । परियोजना बीकानेर ग्रामीण के आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक, बाल-सुलभ एवं सुविधासंपन्न बनाने की दिशा में प्रशासन द्वारा सराहनीय पहल की गई है। उपखंड अधिकारी (IAS) महिमा कसाना की प्रेरणा एवं विशेष प्रयासों से राजस्व विभाग ने अपने सामाजिक सरोकार निभाते हुए ग्राम पंचायत डांडूसर स्थित दो आंगनबाड़ी केंद्रों को नवीन फर्नीचर भेंट किया है। इस अवसर पर बीकानेर राजस्व तहसीलदार नीतीशकांत शर्मा एवं राजस्व विभाग के कार्मिकों ने बच्चों के बेहतर शैक्षणिक वातावरण के निर्माण हेतु



सहयोग प्रदान किया। SDM महिमा कसाना (IAS), डिप्टी डायरेक्टर सुभाष बिश्नोई तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी (CDPO) नवरंग मेघवाल की गरिमामयी उपस्थिति में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सामग्री सुपुर्द की गई, जिसमें नन्हे बच्चों के बैठने हेतु 30 कुर्सियां, खेल-कूद एवं शिक्षा गतिविधियों के लिए 06 गोल टेबल तथा 04 वर्कर चेयर शामिल हैं। इस पहल से आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों के बैठने एवं शाला पूर्व शिक्षा के लिए बेहतर एवं उत्साहवर्धक वातावरण उपलब्ध हो सकेगा।

फर्नीचर वितरण के साथ ही 'मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना' (MMMPY) के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में गाढ़वाला, जामसर एवं नौरंगदेसर सेक्टर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य योजना के लाभ अंतिम छोर के लाभार्थियों तक पहुंचाना तथा क्षेत्र में पोषण स्तर में सुधार लाने हेतु तकनीकी जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत में CDPO नवरंग मेघवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए स्ठरूमहिमा कसाना, डिप्टी डायरेक्टर सुभाष बिश्नोई एवं तहसीलदार नीतीशकांत शर्मा का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे, जिनमें सुनीता गौड़, सुनीता वर्मा, आभा जोशी, हेमलता चारण, सुमन देपावत, जूनियर अकाउंटेंट सुमन लेघा, निलॉय कोडा तथा ब्लॉक समन्वयक राकेश काला सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल थे।

# राज दूल्हा हाउस व शक्ति जनरल स्टोर की पहल, श्याम पदयात्रियों के लिए भंडारा व मेडिकल कैंप

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा**

आस्था और सेवा के संगम के साथ शेखावाटी की धरा पर श्याम भक्तों के लिए सेवा का द्वार खुल गया है। राज दूल्हा हाउस, शक्ति फुटवियर स्टोर एवं रविन्द्र गुज़र की अनूठी पहल पर शाकम्बरी गेट से दो किलोमीटर गौशाला के पास उदयपुरवाटी में मंगलवार से दो दिवसीय विशाल भंडारे एवं निःशुल्क चिकित्सा सेवा का शुभारंभ हुआ। अमित सैनी, शेरा नरहड़ और रविंद्र गुर्जर के विशेष सहयोग से आयोजित यह भंडारा 24 से 25 फरवरी तक अनवरत संचालित रहेगा।श्रद्धालुओं के लिए पूड़ी-सब्जी, कचौरी, दही बड़ा, पानी-पूरी, पकौड़ी, ब्रेड पकोड़ा और मिठाई सहित विभिन्न प्रकार की प्रसादी की व्यवस्था की गई है। लंबी पदयात्रा से आने वाले भक्तों के लिए मौके पर ही प्राथमिक उपचार एवं मेडिकल सेवा भी उपलब्ध है।




आयोजन को सफल बनाने में संजय बराला पिचानवा, विरेश ओला, बिल्लू ओला, पवन शेखावत, सुमेर, राहुल सैनी, आकाश सैनी, मोक्ष सैनी, संजय सैनी, किशोरी सैनी, धर्मा कासली तथा हलवाई मनोज सैनी सहित अनेक युवाओं ने सेवादार के रूप में मोर्चा संभाला है। आयोजकों ने बताया कि धार्मिक आस्था और सामाजिक सरोकार के तहत भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य जारी रहेंगे। आयोजन स्थल पर सफाई और पेयजल की सुदृढ़ व्यवस्था भक्तों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

# होली, धूलंडी जुलूस व ईद को लेकर उपखंड स्तरीय शांति समिति बैठक आयोजित

## होली व धूलंडी पर हुड़दंग करने वालों पर पुलिस की होगी कड़ी नजर

### जुलूस में हथियार, डंडे, वाहनो के प्रवेश वर्जित, उल्लंघन करने पर सख्त कार्यवाही के निर्देश

### जुलूस को लेकर दिए आवश्यक निर्देश,कानून व्यवस्था रहेगी चाक चौबंद

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा** । होली व धूलंडी के ऐतिहासिक जुलूस के के साथ ईद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के उद्देश्य से उपखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक मंगलवार को तहसीलदार डॉ सुरेन्द्र भास्कर की अध्यक्षता ओर डिप्टी हरिसिंह धायल की उपस्थिति में मंडावा थाना परिसर में आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों सहित शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में तहसीलदार डॉ सुरेन्द्र भास्कर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडावा में निकलने वाले गैर जुलूस को समय पर शुरू और संपन्न कराया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। उन्होंने कहा कि शांति एवं कानून व्यवस्था प्रशासन की



सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए किसी भी अवांछनीय घटना को रोकने के लिए सभी तैयारियां पूरी की जाएं। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को होली व धूलंडी पर निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, विद्युत विभाग को जुलूस के मार्ग में आ रहे ढीले तारों की मरम्मत करने के लिए कहा गया, जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। डिप्टी हरिसिंह धायल ने नगर पालिका के अधिकारियों को गैर जुलूस मार्ग पर बैरिकेडिंग करने, निराश्रित गोवंश को गौशाला में भिजवाने, शहर के प्रमुख मार्गो की स्ट्रीट लाइट्स को दुरुस्त करने के निर्देश दिए ।

### असामाजिक तत्वों पर रहेगी पैनी नजर

पुलिस उप अधीक्षक हरिसिंह धायल ने बैठक में कहा कि त्योहार को सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी समुदाय को परेशानी हो तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों और माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस जाप्ता तैनात किया जाएगा उन्होंने बताया कि जुलूस के दौरान किसी प्रकार के हथियार डंडे वाहनो को नहीं ले जाए, अन्यथा उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी। उन्होंने कहा कि हुड़दंग, जबरन रंग डालने, शराब पीकर उत्पात मचाने, तेज रफ्तार वाहन चलाने तथा वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मंडावा थानाधिकारी रामनारायण चोयल ने कहा कि त्योहार को सामाजिक समरसता और भाईचारे के साथ मनाया जाए। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंत प्रशासन को सूचित करने को कहा।

### ये रहे बैठक में मौजूद :

बैठक में पितांबर मिश्रा, बालकिशन भाटीवाड़ा, अरविंद भुकान, नरेश कुमार सोनी, पितांबर वर्मा, सुरेश शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, मो. इब्राहिम रंगरेज, संजय घुघरवाल, नरेन्द्र कुमार, सेहीराम, रविन्द्र शर्मा, मधुसुदन स्वामी, रामस्वरूप जोशी,राजेन्द्र कुमावत, संदीप शर्मा, कैलाश चंद्र शर्मा, सबीर शेख, सत्यनारायण शर्मा, दयानंद कुलहरी, विनोद चौपदार, सुशील कुमार चंदेलिया, विधाधर सैनी, सीताराम सैनी, सुनील रामगढ़िया, मोतीलाल जोशी, शंकरलाल,विकास बोयल, मंडावा सीबीईओ पवन कुमार, संजय मील, मनोज सेन, जयन्त कुमार, किशांर सिंह, विजेन्द्र सैनी सहित अनके शांती समिति सदस्य, प्रशासनिक अधिकारी ओर गणमान्यजन उपस्थित रहें।

# कुमावत समाज की बेटी भावना ने बढ़ाया मान, कॉलेज व्याख्याता परीक्षा में एबीएसटी विषय में प्रदेश में 12वीं रैंक

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

राजस्थान लोक सेवा सेवा आयोग की ओर से आयोजित कालेज व्याख्याता के परीक्षा परिणाम में एबीएसटी विषय में कुमावत समाज की लाडो ने सफलता का परचम लहराते हुए प्रदेश में 12वीं रैंक हासिल कर कीर्तिमान स्थापित किया है ।जयपुर निवासी भावना कुमावत ने आरपीएससी की ओर से हाल ही में घोषित कॉलेज व्याख्याता (असिस्टेंट प्रोफेसर) परीक्षा परिणाम में (एबीएसटी) विषय में प्रदेश में 12वीं रैंक हांसिल की हैं।भावना के पिता



राकेश कुमावत जयपुर में टेलरिंग करते क्लॉथ शॉप चलाते हैं व मां सुनीता देवी गृहिणी हैं। पिता की मेहनत और सादगी ने उन्हें जमीन से जुड़े रहना सिखाया।भावना के छोटे भाई नमन कुमावत सीएमए पोस्ट पर कार्यरत हैं।भावना ने महिलाओं व युवा पीढ़ी को संदेश देते हुए कहा कि सफलता किसी एक दिन का परिणाम नहीं, बल्कि सतत अनुशासित तैयारी का प्रतिफल है। यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और आत्मविश्वास अडिग,तो परिस्थितियां भी रास्ता दे देती हैं।भावना वर्तमान में पीएचडी कंप्लीट कर चुकी हैं।इस उपलब्धि पर परिजनों की और सें भावना को साफा ओढाकर एंव केक काटकर मुंह मीठा करवाया और शुभकामनाएं भेंट की।

# सेवारत चिकित्सकों का प्राचार्य डा राकेश साबू के तानाशाही एवं बर्बरतापूर्ण रवैये विरूद्ध काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा

## जिलेभर के 400 चिकित्सकों ने दिखाई एकजूटता, काली पट्टी बांधकर किया विरोध प्रदर्शन दसवें दिन भी विरोध प्रदर्शन जारी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

मेडिकल कालेज प्राचार्य डॉ राकेश साबू के तानाशाही एवं बर्बरतापूर्ण रवैये से आहत झुंझुनूं जिले के सेवारत चिकित्सक संघ ने एकजूटता दिखाते हुए जिलेभर के 400 चिकित्सकों ने दसवें दिन भी काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। जिले के सबसे बड़े राजकीय अस्पताल झुंझनू के 75 चिकित्सकों ने काली पट्टी बांधकर छह माह में छह चिकित्सकों को बर्खास्त करने के विरोध में अस्पताल के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया गया तथा प्राचार्य डा साबू के दमनात्मक रवैये के खिलाफ नारेबाजी की गयी है। डा साबू के बर्बरतापूर्ण एवं तानाशाही रवैये की निंदा की गयी। अरिसदा प्रवक्ता डा विजय झाझडिया ने बताया कि कार्मिकों के पद सृजन एवं पद विलोपन की शक्तियां राज्य सरकार के स्तर पर निहित होती है।प्राचार्य द्वारा नियम विरूद्ध एवं अधिकार क्षैत्र से परे छह माह में छह चिकित्सकों का पद विलोपन किया गया है। अरिसदा अध्यक्ष डा एस ए जब्बार ने बताया कि अरिसदा चिकित्सकों के प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर डा अरूण गर्ग को प्राचार्य पर कार्यवाही हेतू ज्ञापन सौंपा तथा जिला कलेक्टर के द्वारा सेवारत चिकित्सकों से मामले की पूर्ण जानकारी ली गयी ।तथा आगामी दो दिवस में ठोस कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया ।जिला कलेक्टर द्वारा राजमेस आयुक्त से दूरभाष पर बातचीत करने एवं जल्दी ही कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर से मिले आश्वासन के बारे में जीबीएम में अवगत करवाया गया । जीबीएम में जिला कलेक्टर के आश्वासन एवं रोगी हितों के मद्देनजर अरिसदा चिकित्सकों ने बुधवार का कार्य बहिष्कार स्थगित करते हुए काली पट्टी बांधकर ही विरोध प्रदर्शन जारी रखने का निर्णय लिया गया है। अरिसदा महासचिव




डा राजेन्द्र ढाका ने बताया कि मेडिकल कालेज प्राचार्य द्वारा बर्बरतापूर्ण तरीके से छह माह में छह चिकित्सकों के के बर्खास्त करने से रोष व्याप्त है। पदनामित चिकित्सक आहत एवं अपमानित महसूस कर रहे हैं। जिला कलेक्टर के आश्वासन पर कार्य बहिष्कार स्थगित किया गया है। काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

विरोध प्रदर्शन में इस दौरान अरिसदा महासचिव डा राजेन्द्र ढाका,डा श्रीराम दुलड़,डा सुमन भालोठिया , डा अनिता गुप्ता,डा शीशराम गोठवाल,डा पुष्पा रावत,डा राजेन्द्र पायल,डा जगदेव सिंह ,डा सिद्धार्थ शर्मा, डा मधु तंवर डा विनिता मोर,डा आकांक्षा,डा मनीषा चौधरी ,डा श्वेता, डा दीपक देवठिया,डा सपना झाझडियां ,डा राहुल सोनी,डा गौरव बूरी ,डा ईकराज अहमद,डा दुष्यंत बसेरा ,डा प्रियंका कस्वा, डा सुरेश मील,डा नेमीचंद,डा संदीप नेमीवाल,डा प्रमोद तेतरवाल,डा प्यारेलाल भालोठियां,डा नयन झाझडिया, डा बंशीधर झाड़ियां,डा मेनका,डा विजेन्द्र ज्याणी ,डा अरविंद जाखड़ ,डा नवीन ,डा कपूर थालौर,डा पूनम चौधरी, डा श्वेता ,डा नरेंद्र काजला समेत चिकित्सकों ने विरोध प्रदर्शन किया ।

# ठोठवाल में नवयुग मंडल द्वारा 'बाबा साबेक क्रिकेट प्रतियोगिता' का शुभारंभ, उद्घाटन मैच में झांझा की टीम विजयी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बुहाना।**

क्षेत्र के निकटवर्ती ग्राम ठोठवाल में नवयुग मंडल के तत्वावधान में आज से 'बाबा साबेक क्रिकेट प्रतियोगिता' का भव्य शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन सक्षम माइक्रोफाइनेंस के एमडी श्री राकेश कुमार, श्री प्रमोद कुमार एवं गांव के मंदिर के मुख्य पुजारी श्री गोकुल शर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। आयोजकों द्वारा बताया गया कि प्रतियोगिता में विजेता टीम के लिए प्रथम पुरस्कार 21 हजार तथा उपविजेता टीम के लिए 11 हजार रुपए की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है। उद्घाटन अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं खेल प्रेमियों की उपस्थिति रही, जिससे आयोजन स्थल पर उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला।प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच झांझा एवं सहड टीमों के बीच खेला गया, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए झांझा की टीम ने जीत हासिल कर प्रतियोगिता में विजयी शुरुआत की। नवयुग मंडल के सदस्यों ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना एवं युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता के आगामी मैचों को लेकर खिलाड़ियों एवं दर्शकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।



# मंडावा में घुमंतू परिवारों को मिल रही पहचान, तहसीलदार की पहल से जारी हुए जन्म प्रमाण पत्र

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा** । मंडावा तहसील में पदस्थापित तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर द्वारा घुमंतू एवं अर्धघुमंतु समुदाय के परिवारों को आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने की दिशा में पहल की जा रही है। गौरतलब है कि दस्तावेजों के अभाव में वंचित रह रहे परिवारों के प्रकरणों को प्राथमिकता से निस्तारित किया जा रहा है, जिससे वे सरकारी योजनाओं, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले सकें। तहसील प्रशासन के अनुसार, जैसे ही किसी ऐसे परिवार की जानकारी मिलती है, जिनके पास जन्म प्रमाण पत्र या अन्य आवश्यक दस्तावेज नहीं हैं, संबंधित प्रकरणों को नियमानुसार प्रक्रिया में लेकर त्वरित कार्रवाई की जाती है। आवेदन की औपचारिकताएं पूर्ण करवाने के बाद पात्र व्यक्तियों को जन्म प्रमाण पत्र की अनुज्ञा जारी की जा रही है। इसी क्रम में मेहरादासी ग्राम पंचायत क्षेत्र के एक बाँवरिया परिवार के तीन सदस्यों को जन्म प्रमाण पत्र की अनुज्ञा प्रदान की गई। दस्तावेजों के अभाव में ये परिवार विभिन्न सरकारी सुविधाओं एवं बच्चों की शिक्षा से वंचित थे। प्रमाण पत्र जारी होने के बाद अब उन्हें योजनाओं का लाभ लेने और बच्चों के विद्यालय प्रवेश में सुविधा मिलने



की संभावना है। गौरतलब है कि घुमंतू एवं अर्धघुमंतु समुदाय के कई परिवार वर्षों से पहचान संबंधी दस्तावेजों से वंचित रहे हैं, जिसके कारण उन्हें शैक्षणिक एवं सामाजिक सुविधाओं में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। तहसील स्तर पर की जा रही यह पहल ऐसे परिवारों को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक प्रयास के रूप में देखी जा रही है। स्थानीय स्तर पर इस पहल को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। प्रशासन का कहना है कि भविष्य में भी पात्र परिवारों के प्रकरणों को नियमानुसार प्राथमिकता से निस्तारित किया जाता रहेगा।

# मंडावर रेलवे स्टेशन परिसर में स्थित पुराना कुआं कभी भी बन सकता है बड़े हादसे की वजह

### अमृत भारत की चमक में सुरक्षा की दरार—कुएं पर टूटा जाल, जिम्मेदारी पर सीधा सवाल।

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**

**मनोज खंडेलवाल** । अमृत भारत योजना के तहत मंडावर-महवा रोड रेलवे स्टेशन को हाल ही में आधुनिक सौंदर्य और यात्री सुविधाओं से सुसज्जित कर नया रूप दिया गया है, पुराने भवन को आकर्षक और सुव्यवस्थित स्वरूप में बदला गया, पर इसी विकसित परिसर के बीच स्टेशन में मौजूद पुराना सूखा कुआं आज भी एक बड़े हादसे का स्थायी खतरा बनकर खड़ा है और स्थानीय रेलवे जिम्मेदारों की गंभीर लापरवाही को उजागर कर रहा है। इस कुएं को स्थायी रूप से बंद करने या पुख्ता ढकने के बजाय केवल अस्थायी और जर्जर जाल से ढककर औपचारिकता निभा दी गई है, जबकि जाल का सरिया बीच से टूटा हुआ है और कुएं व जाल के बीच इतना फासला है कि उसमें से आवारा बंदर और श्वान जैसे जानवर आसानी से गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो सकते हैं। स्टेशन परिसर में दिनभर घूमते जानवरों की मौजूदगी के बीच यह खुला खतरा किसी भी क्षण बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है, जिससे न केवल पशु बल्कि आमजन की सुरक्षा पर भी सीधा संकट खड़ा होता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कुआं पूरी तरह सूखा पड़ा है, इसमें न तो पानी का कोई स्रोत है और न ही किसी प्रकार का उपयोग किया जा रहा है, ऐसे में इसे यूं ही असुरक्षित छोड़ना सार्वजनिक सुरक्षा के मानकों और प्रशासनिक दायित्वों के विपरीत है। अमृत भारत योजना के अंतर्गत विकसित किए गए स्टेशन परिसरों में यात्रियों और परिसर में आने-जाने वाले लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, वहीं रेलवे के निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुसार किसी भी खतरनाक ढांचे को स्थायी रूप से सुरक्षित करना प्रशासन की कानूनी जिम्मेदारी है, पर



यहां अस्थायी और टूटा जाल इन मानकों की अनदेखी को साफ दर्शाता है। स्थानीय लोगों का सवाल यह है कि जब मंडावर महवा रोड रेल्वे स्टेशन को आधुनिक रूप देने में करोड़ों रुपये खर्च किए गये तो फिर इस बेकार पड़े सूखे कुएं को बंद कराने या पुख्ता कवर लगाकर सुरक्षित करने में कैसी बाधा थी। लोगों की मानना है कि रेलवे प्रशासन तत्काल प्रभाव से इस कुएं को या तो पूरी तरह बंद कराए या मजबूत स्थायी ढांचा बनवाकर ढकवाए, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना की आशंका समाप्त हो और अमृत भारत योजना के नाम पर हुए विकास पर लापरवाही का दाग न लगे, क्योंकि यदि इस लापरवाही के चलते आगे कोई हादसा हुआ तो उसकी नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी तय होना तय है। उक्त मामले को लेकर स्थानीय रेल्वे स्टेशन के स्टेशन मास्टर भगवान सहाय मीना से वार्ता करनी चाही तो उन्होने कोई संतुष्टिपूर्वक जवाब नही दिया और फोन काट दिया।

### इनका कहना है

'मेरे संज्ञान में यह विषय अभी नहीं है। यदि स्टेशन परिसर में स्थित कुएं पर सुरक्षा जाल टूटा हुआ है या कोई खतरा बना हुआ है तो मौके की जांच कराकर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की आशंका न रहे।'

**मनोज चौहान, आईओडब्ल्यू, स्थानीय रेलवे प्रशासन**

### बाल पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय में छात्र सम्मान समारोह

# छात्र अविनाश का सचिवालय में लिपिक ग्रेड सेकंड में चयन होने पर हुआ सम्मान

### सतोलिया/लगोरी खेल कोटे में हुआ छात्र अविनाश का सरकारी सेवा में चयन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा ।** फतेहपुर बाई पास स्थित बाल पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय मंडावा के छात्र अविनाश पुत्र इंद्राज सिंह ढाका गांव पंजिका बास का राजकीय सेवा में चयन होने पर आज विद्यालय में छात्र सम्मान समारोह का आयोजन संस्था निदेशक खेम सिंह ढाका की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। छात्र 2022 में 12वीं क्लास उत्तीर्ण करके गया था। इस बच्चे का 2020 में सतोलिया/लगोरी खेल में राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिये चयन हुआ था जो की जयपुर मे खेला गया था । खेल मे राजस्थान की टीम विजेता होने पर (गोल्ड मैडल)हासिल करने पर खेल आरक्षण के दो परशेन्ट आरक्षण मे आने के कारण इस छात्र का सचिवालय में लिपिक ग्रेड सेकंड में चयन हुआ है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार मे सभी छात्र, छात्रों व शिक्षको मे खुशी की लहर है। इस मौके पर विद्यालय परिवार द्वारा चयनित छात्र का माल्यापर्ण, शॉल,ओर मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजबीर सिंह ने सभी छात्र, छात्राओ को सम्बोधित करते हुए बताया की हमारे जीवन मे शिक्षा के साथ खेलो का भी जीवन में बड़ा महत्व है। निदेशक खेम सिंह ढाका ने खुशी जताते हुए बताया की छात्र अविनाश जो की खेल के साथ-साथ शिक्षा व अनुशासन मे भी हमेशा विद्यालय मे अव्वल था । छात्र के अभिभावक भी हमेशा विद्यालय के हर कार्य मे आगे रहने के लिए इस छात्र को प्रेरित करते थे जिसका परिणाम आज इस छात्र ने अपने माता, पिता व गुरुजनो की आशानुरूप अनरूप कार्य में सफलता को प्राप्त किया।



विद्यालय के विजय सिंह, दलिप कुमार,विजेंद्र मान,विजेंद्र,सुनिल कुमार,दयानन्द , अनिल कुमार, हरी प्रसाद,शाकीब अली,कविता,राजबाला,ममता, मनिषा,निर्मला सहित अन्य शिक्षक गणों ने अविनाश के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### ट्रेनिंग काउंसलर शिविर का समापनः

# जिला मुख्यालय पहुंचने पर ट्रेनिंग काउंसलर संजय कुमार सैनी का किया स्वागत और अभिनंदन



**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा ।** हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड राजस्थान राज्य राज्य मुख्यालय उदयपुर के तत्वाधान में सात दिवसीय ट्रेनिंग काउंसलर प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ यह शिविर उदयपुर जिलों की नगरी में आयोजित किया गया जिसमें संपूर्ण राजस्थान से अनेक प्रतिनिधियों ने भाग लिया जिला झुंझुनू की ओर से संजय कुमार सैनी श्री नंदलाल शिक्षण संस्थान मलसीसर ने झुंझुनू का नेतृत्व किया शिविर में कुल संभागीय 28 थे राज्य सचिव टीम के साथ नरेंद्र ओदिचय ने सभी संभाग्यों का स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा ट्रेनर टीम के द्वारा विभिन्न स्काउट विषयों पर गहनता से प्रकाश डाला गया जिला मुख्यालय झुंझुनू पर पहुंचने पर ट्रेनिंग काउंसलर संजय कुमार सैनी का जिला ऑर्गेनाइजर प्रदीप कुमार ईश्वरवाल व ब्लॉक प्रभारी आशीष गुडेसर व टीम के साथ स्वागत और अभिनंदन किया गया तथा उज्जवल भविष्य की कामना की गई इस अवसर पर मंडावा ब्लॉक के उपाध्यक्ष सतवीर पूनिया जिला सचिव रामनिवास झाझरिया आदि लोगों उपस्थित थे। उक्त जानकारी संजय शर्मा लुमास ने दी।

# पाखर रोड पर नालों की सफाई नहीं होने से मुख्य सड़क पर जमा गंदगी-कीचड़ से जनजीवन बेहाल

### दुपहिया वाहन चालक फिसलकर हो रहे चोटिल, वाहनों से उछलते कीचड़ से राहगीरों के कपड़े खराब।

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**



**मनोज खंडेलवाल ।** नगरपालिका क्षेत्र के पाखर रोड पर लंबे समय से नालों में जमी गंदगी और कीचड़ की अनदेखी ने पूरे इलाके को बदबू, फिसलन और बीमारी के खतरे में धकेल दिया है, जहां कॉलोनियों का गंदा पानी नालों में बहने के बजाय मुख्य सड़क पर फैलकर रास्ते को कीचड़-नासूर में बदल चुका है। पाखर रोड का मुख्य मार्ग और उससे जुड़ी केशव नगर कॉलोनी का रास्ता इस दूषित जल और कीचड़ के कारण बदहाल हो गया है, वहीं पास ही स्थित प्राचीन चमत्कारेश्वर हनुमान मंदिर के सामने तक गंदा पानी फैलने से पूजा-अर्चना को आने वाले श्रद्धालुओं, महिलाओं और वृद्धों को रोजाना भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। सड़क पर फैली गंदगी के कारण राहगीरों के कपड़े वाहनों के पहियों से उछलते कीचड़ से रोज खराब हो रहे हैं, स्कूल जाने वाले बच्चे सने कपड़ों में लौटने को मजबूर हैं और फिसलन के चलते दुपहिया वाहन चालक तथा पीछे बैठी सवारियां आए दिन गिरकर चोटिल हो रही हैं। यह वही मार्ग है जो शहर के एकमात्र मोक्षधाम तक जाता है, जहां से शवयात्राएं गुजरती हैं और शवयात्रा में शामिल लोगो को भी इसी कीचड़ से होकर मजबूरन निकलना पड़ता है, जिससे सामाजिक मर्यादा और सार्वजनिक स्वच्छता दोनों पर आघात पड़ रहा है। लोगो का कहना है कि नालों की नियमित सफाई नहीं होने से गंदगी सड़कों पर फैल रही है और इससे मच्छरों का प्रकोप तेज हो गया है, जिससे मलेरिया व डेंगू जैसी मच्छरजनित बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों द्वारा बार-बार शिकायतों के बावजूद पालिका प्रशासन नालों की सफाई पर गंभीर नहीं दिख रहा है, जबकि औपचारिकता के तौर पर गलियों में झाड़ू तो लगवाई जा रही है पर मूल समस्या को जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा है, जो नगर पालिका की वैधानिक जिम्मेदारियों और स्वच्छता मानकों की सीधी अवहेलना है। प्रतिदिन सैकड़ों दुपहिया और चौपहिया वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं, ऐसे में सड़क पर फैला कीचड़ किसी भी समय बड़े हादसे की वजह बन सकता है, फिर भी जिम्मेदारों की चुप्पी और उदासीनता चिंता बढ़ा रही है। इस गंभीर स्थिति पर स्थानीय नगरपालिका के नव नियुक्त स्थायी अधिशासी अधिकारी सुमेरसिंह मीणा से दूरभाष पर संपर्क का प्रयास किया गया, पर उनका फोन रिसीव नहीं हुआ, जिससे जवाबदेही और पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

## भोजासर में प्राकृतिक खेती पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**



**पवन कुमार शर्मा ।** राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत चयनित क्लस्टर भोजासर ग्राम पंचायत में एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में कृषि अधिकारी सुनील कुमार ने किसानों को जीवामृत, ब्रह्मास्त्र और अग्निअस्त्र बनाने की विधियां सिखाईं। सहायक कृषि अधिकारी अरविन्द सिहाग ने प्राकृतिक खेती के महत्व और विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान कृषि पर्यवेक्षक अनामिका सहित सोहनलाल, जयपाल, सीताराम, भीमसिंह, सुमेश, नितिन, फूलचन्द व क्षेत्र के 40-50 किसानों ने भाग लिया।

## लक्ष्मणगढ़ मूल निवासी संजय सरावगी की माता के निधन पर शोक, वरिष्ठ नेता पहुंचे दरभंगा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



दरभंगा विधानसभा क्षेत्र से लगातार सातवीं बार विधायक बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं लक्ष्मणगढ़ के मूल निवासी संजय सरावगी की माता राधादेवी सरावगी का निधन 13 फरवरी को हो गया। सरावगी के निधन पर अपनी संवेदना व्यक्त करने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन , चितौड़गढ़ सांसद व राजस्थान भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, दरभंगा लोकसभा से सांसद गोपाल ठाकुर, भाजपा प्रवासी प्रकोष्ठ राजस्थान के प्रदेश संयोजक लक्ष्मणगढ़ निवासी श्री कुमार लखोटिया व सुनील मिश्रा दरभंगा पहुंचे। उन्होंने दरभंगा रेलवे स्टेशन के पास शास्त्री नगर में स्थित सरावगी के निज निवास पर आयोजित श्राद्ध कर्म व शांति भोज में शामिल हुए तथा श्रीमती सरावगी के निधन पर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित कर परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी ।

### विद्यालय विकास के लिए आगे आये भामाशाह

## सरकारी स्कूल में कंप्यूटर, इलेक्ट्रिक बेल व सीपीयू भेंट किया

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उदरासर में तकनीकी एवं भौतिक संसाधनों के विकास के लिए भामाशाह खुलकर सहयोग कर रहे है। प्राचार्य विमला कड़वासरा ने बताया कि जनसहयोग के क्रम में उदरासर निवासी मुकेश अग्रवाल की ओर से विद्यालय को एक इलेक्ट्रिक बेल तथा घिरड़ोदा के पूर्व सरपंच पवन अग्रवाल की ओर से करीब 50 हजार की लागत का कंप्यूटर सैट भेंट किया गया। इसके अतिरिक्त किशनाराम मेघवाल की ओर से विद्यालय में आईसीटी लैब के लिए एक सीपीयू भेंट किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य विमला कड़वासरा तथा उप प्राचार्य लालाराम बिजारणियां की ओर से भामाशाहों तथा उन्हें प्रेरित करने वाले पूर्व सरपंच जगदीश सिंह रायधना तथा कान्हाराम शर्मा का अभिनंदन किया गया।

## सुनील चाहर महमदपुर हुए गौरव सम्मान से सम्मानित



**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा प्रताप फार्म हाउस डीग में कंबल वितरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक चिराग जैन के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुए इस समारोह में एकता डिफेंस एकेडमी एवं कोचिंग क्लासेज के संचालक सुनील चाहर महमदपुर को गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।समारोह की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉ चंद्रशेखर शर्मा ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि दिनेश कटारा, ईश्वरी दयाल शर्मा, निशा शर्मा प्राचार्य, गोपाल प्रसाद शर्मा प्राचार्य, चंद्रभान चंचल, पंडित उमेश शर्मा जयपुर, मंजू शर्मा नगर, प्रदीप शर्मा (बंटू), सुरेश पाराशर, केदार गजिया आदि रहे। इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष मोहन स्वरूप पाराशर तथा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश पाराशर, चंद्रशेखर मुद्गल ने 101 कंबल वितरित किए। कार्यक्रम में डॉ जीतेन्द्र सिंह, चन्द्रभान शर्मा, विनीता पचौरी, विष्णु दुबे, हरिकृष्ण पचौरी, हरिशंकर शर्मा, कैप्टन कल्लू सिंह, कैप्टन अशोक सिंह, सूबेदार राजेंद्र सिंह, जगत पाराशर, सोहनलाल शर्मा आदि लोग उपस्थित थे। मंच का संचालन मोतीलाल शर्मा ने किया।

## कस्बे में श्याम भक्तों का जगह-जगह फूल मालाओं से हुआ स्वागत

### सूरजगढ़ का विशाल निशान जत्था उदयपुरवाटी से रवाना

### श्याम भक्तों के लिए जगह-जगह रहने, खाने पीने की अच्छी व्यवस्था

**भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी।**



**सुमेर मीणा ।** कस्बे में खाटू बाबा के जाने वाले भक्तगणों का कस्बे वासियों ने जगह-जगह फूल मालाओं से स्वागत किया। सबसे बड़ा सूरजगढ़ निशान के भक्तगणों का कस्बे वासियों ने पंक्ति लगा करके आशीर्वाद लिया। सुबह उदयपुरवाटी के निकट सेठा वाला कुआं से रवाना होकर सात बत्ती , पांचबत्ती, मुख्य बाजार, टोड़ी मुंडा,शाकंभरी गेट से होकर शाम 4:00 बजे तक सैनी गौशाला तक जत्था पहुंचा । जहां सैनी गौशाला में सूरजगढ़ के भक्तगणों ने विश्राम किया । सूरजगढ़ का सबसे बड़ा जत्था शाम 4:00 बजे खाटू के लिए रवाना हुआ। जिसमें सैकड़ो महिलाओं ,पुरुष सिर पर जलती सिगड़ी लेकर जत्था के आगे चल रही थी, उदयपुरवाटी से शाकंभरी रोड 3 किलोमीटर तक श्रद्धालुओं द्वारा जलपान ,भंडारा,फल,हलवा, पकोड़ी , अनेक प्रकार के शरबत,चिकित्सा सहित सभी व्यवस्था श्रद्धालुओं के लिए सेवा में लग रहे थे। श्रद्धालुओं की हर एक परेशानियों को लोग उठाने के लिए तत्पर हो रहे थे । उदयपुरवाटी कस्बे में सुबह से रात्रि तक श्याम बाबा के जयकारे से पूरा कस्बा गूंज रहा था।

## गोपाल मंदिर में फाग की धूम–भजनों की स्वर लहरियों में डूबा मंडावर

### फूलों-गुलाल संग खेली भक्ति की होली

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**



**मनोज खंडेलवाल ।** होली के पावन पर्व की आहट के साथ ही ब्रज की परंपरा से उपजी फागोत्सव की रंगत अब शेखावाटी और मंडावर अंचल में भी पूरे उल्लास के साथ उतर आई है। शहर के गांधी चौक के समीप स्थित प्राचीन गोपाल मंदिर में मंगलवार को महिलाओं की सहभागिता से फागोत्सव का भव्य आयोजन हुआ, जहां पूरा मंदिर परिसर राधे-कृष्ण के जयकारों और फागुनी भजनों की मधुर स्वर-लहरियों से गूंज उठा और श्रद्धा का रंग हर चेहरे पर झलकने लगा। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई, इसके बाद लल्ला की सुन कर मैं आई, यशोदा मैया दे दो बधाई, धीरे-धीरे मारो श्याम पिचकारी और आज बिरज में होली रे रसिया जैसे लोकप्रिय फागुनी भजनों ने माहौल को पूरी तरह कृष्णमय कर दिया। भजनों की लय पर महिलाएं भाव-विभोर होकर ठाकुर जी की भक्ति में लीन नजर आईं और कीर्तन के बीच-बीच में गूंजते 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' के नारों ने मंदिर प्रांगण को उत्सव की ऊर्जा से भर दिया। कीर्तन के पश्चात पुष्प और गुलाल की होली आयोजन का मुख्य आकर्षण रही, जहां महिलाओं ने ठाकुर जी के विग्रह पर फूलों की वर्षा की और एक-दूसरे पर अबीर-गुलाल उड़ाकर फागोत्सव की परंपरा को जीवंत किया। अंत में ठाकुर जी को विशेष पकवानों का भोग अर्पित किया गया और श्रद्धालुओं में प्रसादी वितरित की गई, जिससे भक्ति के साथ सामाजिक सौहार्द और सामूहिक आनंद का भाव और प्रगाढ़ हुआ। इस अवसर पर इंद्रा देवी, शांति देवी, संगीता शर्मा, कविता, ममता, मीना गुर्दावासी, सीता, गीता, सविता गुर्दावासी, प्रीती दुसाद, कविता बागड़ा, दीपिका, प्रीति, रेणु और कलावती सहित बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु उपस्थित रहीं।

## लक्ष्मणगढ़ से 151 निशान रवाना होकर खोरू धाम में श्याम बाबा को 27 फरवरी को चढ़ायेंगे

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



खोरू धाम स्थित श्याम बाबा को क्षेत्र के श्रद्धालु भक्त 151 निशान चढ़ायेंगे। यह जानकारी देते हुए भगवा रक्षा वाहिनी के अध्यक्ष जयशंकर पुजारी ने कि खोरु धाम के महंत एवं सनातन धर्म मंडल के अध्यक्ष बनवारी लाल पुजारी के सानिध्य में तैयारीयों को रूप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जलदाय विभाग के सहायक अभियंता मनीष मील ने खोरूधाम में स्थित श्री बालाजी महाराज का अभिषेक कर कर पूजा अर्चना की। मील ने इस अवसर पर धाम के लिए पानी की टंकी एवं मोटर भेंट की । उन्होंने बताया कि श्याम भक्तों के पानी की समुचित व्यवस्था के लिए मिस्त्री कालूराम नायक के नेतृत्व में फिटिंग की जा रही है।

## खाटू श्याम मंदिर के लिए मोलावास से पदयात्रा रवाना

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मुंडावर।**



**रमेशचंद ।** मुंडावर उपखंड के गांव मोलावास से मंगलवार 24 फरवरी को बाबा खाटू श्याम जी के दरबार के लिए श्रद्धा और उत्साह के साथ पदयात्रा रवाना हुई। पदयात्रियों ने यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व गांव के मन्दिर में विधिवत पूजा-अर्चना की। ग्रामीणों ने पदयात्रियों का तिलक लगाकर एवं मंगलकामनाओं के साथ उत्साहवर्धन किया। उसके बाद यात्रियों ने बाबा का निशान उठाया और जयकारों के साथ यात्रा की शुरुआत की। लेखक दीपदीपिका मोलावास ने जानकारी देते हुए बताया कि यह पदयात्रा हर वर्ष फागण महीने की सप्तमी को शुरू होती है और श्रद्धालु पैदल चलते हुए ग्यारस के दिन खाटू पहुंचकर खाटू श्याम मंदिर में निशान चढ़ाकर यात्रा का समापन करते हैं। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए बाबा के जयकारे लगाते हैं। पदयात्रा को रवाना करते समय स्थानीय सरपंच अजित सिंह यादव, भाग्यसिंह, राधेश्याम, सुंदरलाल, रमेश चंद, नवल कुमार, वेदसिंह, हितेन्द्र, गौरव एवं अन्य ग्रामीणों के साथ माता-बहनों की भी विशेष उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर पदयात्रा को सफल बनाने के लिए अपनी भागीदारी निभाई और बाबा खाटू श्याम जी के दरबार में अपनी हाजिरी लगाने के लिए प्रस्थान किया।

## बीकानेर शहर जिला कांग्रेस की महत्वपूर्ण मासिक बैठक आज

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।**



राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बीकानेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी की आवश्यक मासिक बैठक का आयोजन बुधवार, 25 फरवरी 2026 को किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता शहर जिलाध्यक्ष मदनगोपाल मेघवाल करेंगे। यह बैठक दोपहर ठीक 3:00 बजे पूर्व कार्यालय, कोठारी हॉस्पिटल रोड (जस्सूसर गेट के बाहर) आयोजित होगी। बैठक में आगामी संगठनात्मक गतिविधियों एवं क्षेत्र के ज्वलंत मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। बैठक में सांसद व विधायक प्रत्याशी, पार्षद एवं पार्षद प्रत्याशी सहित प्रदेश पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता, ब्लॉक एवं मंडल अध्यक्ष तथा बीएलए भाग लेंगे। इसके अतिरिक्त महिला कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई, यूथ कांग्रेस, इंटक (INTUC) एवं सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्ष भी बैठक में उपस्थित रहेंगे। रमजान के रोजों एवं होली के त्यौहार की व्यस्तता को देखते हुए जिलाध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से निर्धारित समय से 10 मिनट पूर्व कार्यालय पहुंचने का आग्रह किया है, ताकि बैठक समय पर प्रारंभ होकर सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

## जालसू में कालूराम सामरिया ने किया समारोह का पोस्टर विमोचन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चौमूं।**




**सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया ।** जालसू ग्राम पंचायत में स्थित बाबा रामदेव मंदिर परिसर में मंगलवार को बलाई विकास समिति जयपुर मुख्यालय-चौमूं की ओर से 8 मार्च को महिला दिवस पर बलाई सभा-भवन मोरीजा रोड़ चौमूं में आयोजित होने वाले महिलाओं का सम्मान समारोह का पोस्टर विमोचन समिति के उपाध्यक्ष कालूराम सामरिया के नेतृत्व में किया गया। समिति के महासचिव सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया व उपकोषाध्यक्ष नानगराम लुनिवाल ने बताया कि समारोह में प्रशासनिक, शैक्षिक, राजनीतिक व सामाजिक सेवाओं में उल्लेखनीय कार्य कर रही है, उन सभी महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा।

समिति उपाध्यक्ष कालूराम सामरिया ने महिलाओं को समारोह में अधिकाधिक संख्या में पहुंचने के लिए आह्वान किया। इस दौरान समाजसेवी रामावतार सामरिया, मुन्नी देवी, कमली देवी, प्रेम देवी, प्रियंका देवी, सुनीता देवी, प्रिया सामरिया, सोहनलाल, पांचूराम, धर्मेंद्र कुमार, सीताराम, मनीष, योगेश, गुड्डू, सचिन, राहुल, श्रीपाल, कार्तिक आदि मौजूद रहे।

# मासूम वसुंधरा को न्याय की मांग पर झुका प्रशासन, 4 दिन बाद मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर**



**सोहनलाल परिहार ।** बीकानेर जिले के बज्जू क्षेत्र के रणजीतपुरा में 8वीं कक्षा की छात्रा वसुंधरा के अपहरण, दुष्कर्म एवं हत्या के मामले में पिछले चार दिनों से जारी गतिरोध मंगलवार को समाप्त हो गया। पुलिस द्वारा मुख्य आरोपी श्याम सुंदर को गिरफ्तार किए जाने तथा प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवार की मांगों पर सैद्धांतिक सहमति जताने के बाद भारी पुलिस जाब्ते एवं जनसैलाब की मौजूदगी में मासूम का अंतिम संस्कार किया गया। 21 फरवरी 2026 को हुई इस हृदयविदारक घटना के बाद क्षेत्र में भारी जनाक्रोश व्याप्त था। बज्जू मोर्चरी के बाहर हजारों की संख्या में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि न्याय की मांग को लेकर धरने पर बैठे हुए थे। मंगलवार सुबह बीकानेर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आक्रोशित ग्रामीणों एवं परिजनों की मांगों पर प्रशासन ने मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कर जल्द न्याय दिलाने का प्रयास करने, राज्य सरकार द्वारा पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा परिवार के एक सदस्य को संविदा पर सरकारी नौकरी देने के संबंध में सैद्धांतिक सहमति प्रदान की है। दुख की इस घड़ी में समाज ने एकजुटता का परिचय देते हुए धरनास्थल पर ही स्थानीय लोगों द्वारा पीड़ित परिवार की सहायता के लिए 60 लाख रुपये से अधिक की सहयोग राशि एकत्रित करने की घोषणा की गई। पोस्टमार्टम के उपरांत वसुंधरा का पार्थिव देह परिजनों को सौंपा गया। अंतिम संस्कार के दौरान पूरा क्षेत्र गमगीन रहा। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री महेंद्र गहलोत, बज्जू प्रधान प्रतिनिधि भागीरथ तेतरवाल, लोकसभा प्रत्याशी रहे मदन गोपाल मेघवाल सहित पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।क्षेत्रवासियों ने एक स्वर में मांग की है कि दोषियों को कठोरतम दंड दिया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

## अटेली नपा की मेंबर समिति का गठन व वित्तीय कमेटी की बैठक हुई

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।**

**मनोज बुलाण ।** अटेली नगरपालिका की वार्ड मेंबर कमेटी के गठन व वित्तीय कमेटी की बैठक चेयरमैन संजय गोयल की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई। जिसमें वार्ड मेंबर गठन के अलावा अटेली के लिए विकास कार्यो में खर्च हुई राशि का ब्यौरा दिया गया। बैठक में वार्ड तीन से स्नेहलता, अशोक जांगिड़ नहीं पहुंचे। बैठक में वार्ड में साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट, नाली सहित दूसरे मामलों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। चेयरमैन संजय गोयल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा विकास कार्यो में भागीदारी व वार्ड के लोगों को जन-जन को जोड़ने के लिए वार्ड सदस्यों की कमेटी के गठन से पार्षद सदस्यों के अलावा दूसरे लोग के आगे आने से पारदर्शिता बढ़ेगी। अटेली कस्बे में सरकार व निसपल एक्ट के तहत विकास कार्य करवाये जा रहे है। वार्ड एक से पार्षद शर्मिला देवी ने वार्ड में साफ-सफाई ठीक से नहीं होने पर नाराजगी प्रकट की। चेयरमैन संजय गोयल ने सफाई इंचार्ज को सख्त निर्देश दे कर सभी वार्डो में साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कहा। वही वार्ड तीन की पार्षद प्रेमलता ने चंपा देवी स्कूल के समीप बिजली के ट्रांसफार्मर के नीचे लगे होने को उठाया। वाईस चेयरमैन रामकिशन जांगिड़, पार्षद अंशुल गोयल, मनफुल ने अपने वार्ड के मसलों को प्रमुखता से रखा। कमेटी सचिव प्रशांत शर्मा ने बैठक में उठे मसलों को कलंबद करवाया।

# महिलाओं का सम्मान समारोह का पोस्टर विमोचन




भीम प्रज्ञा न्यूज.चौमूं।

**सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया ।** शहर के स्याऊ ग्राम में बलाई विकास समिति जयपुर मुख्यालय-चौमूं द्वारा महिला दिवस पर होने वाले समारोह को लेकर राजेन्द्र परिहार के नेतृत्व में पोस्टर का विमोचन किया गया। समिति के अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार ने बताया कि समारोह में उन महिलाओं का सम्मान किया जाएगा जिन्होंने महिला सशक्तिकरण को लेकर कोई भी कार्य किए हो जिससे महिलाओं में हौंसला बढ़ा हो। इस दौरान समिति उपाध्यक्ष एडवोकेट राधेश्याम बुनकर, एडवोकेट कैलाश चन्द वर्मा, रामसहाय, पूरणमल, बनवारी लाल, गंगाराम, राजीविका, सुनीता देवी, माया, सोनू, आरती आदि मौजूद रहे।

# बाबा गोविंद दास महाराज का विशाल मेला गुजरवास में 28 को

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।

**मनोज बुलाण ।** बाबा गोविंददास महाराज का विशाल मेला अटेली खंड के गांव गुजरवास में 28 फरवरी को भरेगा। जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं व भंडारा भी होगा। मेला कमेटी के सदस्य सूबेदार गिरवरसिंह ने बताया कि मेले में 51 रुपए से लेकर 11 हजार रुपए तक की कुश्तियां होंगी। इसके अलावा बुजुर्गो की दौड़, लड़कियों की दौड़, ओपन दौड़ व बच्चों की दौड़ करवाई जाएगी। सूबेदार गिरवर सिंह ने बताया कि मेले में आस-पास के श्रद्धालुओं के साथ गांव भ्भौड़ी, कटकई, मोहनपुर, सिलारपुर के ग्रामीण विशेष रूप से पहुंच कर बाबा का आशिर्वाद लेते है। यह मेला फाल्गुन माह की चांदनी दवादशी को हर वर्ष भरता है।

# बाबा गैबीराम का विशाल मेला एवं खेलकूद प्रतियोगिता गुवानी में 4 को

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।

**मनोज बुलाण ।** बाबा गैबी राम का मेला गुवानी में चार मार्च धुलंडी के दिन भरेगा। मेले में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं होगी। इस मेले में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक ओम प्रकाश यादव होंगे। जानकारी देते हुए सरपंच प्रतिनिधि दिनेश यादव एवं मेला कमेटी ने बताया कि मेले में कुश्तियां 51 रुपए से लेकर 71 हजार तक करवाई जाएंगी। अगर मेले में अच्छे व बड़े पहलवान आने पर कुश्तियां की राशि बढ़ाई भा जा सकती है। मेले में हरियाणा स्टाइल कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम विजेता टीम को 51 हजार तथा द्वितीय टीम को 31 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। वहीं वालीबाल समेसिंग प्रतियोगिता में प्रथम टीम को 31 हजार तथा द्वितीय टीम को 21 हजार का पुरस्कार दिया जाएगा। मेले में अनेक प्रकार की दौड़ भी करवाई जाएंगी। मेले में बुजुर्गों की दौड़ विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसके साथ साथ सुबह से बाबा का भंडारा शुरू कर दिया जाएगा। रात्रि के समय रागिनी कार्यक्रम होगा जिसमें तरुण बालियान एण्ड पार्टी अपनी रंगारंग प्रस्तुति देंगी।

# एमसीएलएफ का वार्षिक आम सभा सम्मेलन का आयोजन

## महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए किया गया प्रेरित




भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।

**भांडोरिया ।** हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन रेवाड़ी के मिशन डायरेक्टर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद राहुल मोदी के मार्गदर्शन में हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन व एलडीएफ के सहयोग से बावल खंड में नई सोच महिला क्लस्टर लेवल फेडरेशन का वार्षिक आम सभा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला की 325 स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि एलडीएम राजीव रंजन ने वार्षिक आम सभा सम्मेलन में पिछले वर्ष की प्रगति और आगामी वर्ष की कार्ययोजना पर चर्चा की। सीएलएफ के वित्तीय विवरण को सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उन्होंने संगठन को और अधिक मजबूत तथा भविष्य में किए जाने वाले कार्यो की योजना बनाई गई। इस कार्यक्रम में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि स्वयं सहायता समूह से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है। महिलाओं द्वारा स्वरोजगार कर सरसों यूनिट, अचार, सीएससी, ब्यूटी पार्लर, कॉस्मेटिक, किराना स्टोर, तिला जूती, जूट बैग, डेयरी, सिलाई, कैंटीन, आर्टिफिशियल ज्वेलरी आदि रोजगार कर आजीविका बढ़ा रही है। एचएसआरएलएम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक आफताब अहमद ने सीएलएफ की सराहना करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए चलाई जा रही सभी सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि रेवाड़ी जिला में आजीविका मिशन ग्रामीण महिलाओं की तकदीर बदल रहा है। उन्होंने बताया कि स्वयं सहायता समूहों को बैंकों के माध्यम से उचित ब्याज दरों पर लोन दिलाकर स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रेरित किया जाता है। इस अवसर पर स्वयं सहायता समूह के सदस्य जयमाला, रचना, पूनम, शकुंतला ने अपनी संघर्ष व सफलता की प्रेरक कहानियां साझा करते हुए अन्य महिलाओं को भी प्रेरित किया, जिससे महिलाओं में नया आत्मविश्वास और उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर बीपीएम लोकेश, सुनील, सुमित, बीसीसी सविता व प्रीति, दिलीप सिंह सहित स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

# बलाई विकास समिति की बैठक संपन्न

## कौशल्या देवी ने किया समारोह का पोस्टर विमोचन



भीम प्रज्ञा न्यूज.चौमूं।

**सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया ।** जालसू ग्राम पंचायत में स्थित मुकन्दपुरा-द्वितीय में बलाई विकास समिति जयपुर मुख्यालय-चौमूं के उपाध्यक्ष कालूराम सामरिया की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में आगामी 8 मार्च महिला दिवस पर समिति द्वारा बलाई समाज सभा-भवन पर होने वाले महिलाओं का सम्मान समारोह को लेकर चर्चा-परिचर्चा की गई। समिति के उपकोषाध्यक्ष नानगराम लुनिवाल ने बताया कि समिति द्वारा 8 मार्च को महिला दिवस पर होने वाले महिलाओं का सम्मान समारोह का पोस्टर विमोचन कौशल्या देवी के नेतृत्व में किया गया। समिति के महासचिव सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया ने बताया कि समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं एवं समारोह में शामिल होने वाली सभी महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान कमली देवी, राधा देवी, प्रिया देवी, लक्ष्मी देवी, श्रवणी देवी, सीमा, सुनीता, बिदामी, तूफान मल बरवड़, रामसहाय लाखीवाल, हनुमान सहाय बरवड़, लक्ष्मण, कृष्ण, मायूस, आशीष, कार्तिक, साहिल, दिव्यांशी, सिद्धार्थ, लक्ष्य, रवि, महेंद्र, कानाराम, बाबूलाल, शंकरलाल, चौथमल आदि मौजूद रहे।

# नगर परिषद रेवाड़ी व नगर पालिका धारूहेड़ा के लिए रिवाईजिंग अथोरिटी किए नियुक्त

भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।

**भांडोरिया ।** नगर परिषद रेवाड़ी व नगर पालिका धारूहेड़ा के आम चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची तैयार करने का शेड्यूल जारी किया गया है। जिसके तहत 27 मार्च तक मतदाता सूची तैयार की जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना की पालना में नगर परिषद रेवाड़ी व नगर पालिका धारूहेड़ा के आगामी आम चुनाव के लिए मतदाता सूची तैयार करने तथा दावें व आपत्तियों की सुनवाई के लिए रिवाईजिंग अथॉरिटी नियुक्त किए गए है ताकि आम चुनाव की यह प्रक्रिया निष्पक्ष और सुचारू रूप से पूरी हो सकें। डीसी ने बताया कि हरियाणा नगर निगम चुनाव नियम 1994 धारा-3 4(ड्ढ) के तहत वार्ड वाइज संशोधित प्राधिकारी व सहायक प्राधिकारी नियुक्त किए है। उन्होंने बताया कि नगर परिषद रेवाड़ी में वार्ड 1 से 6 के लिए उपमंडल अधिकारी ना. रेवाड़ी सुरेश कुमार, वार्ड 7 से 11 के लिए उपमंडल अधिकारी ना. कोसली विजय कुमार यादव, वार्ड 12 से 17 के लिए उपमंडल अधिकारी ना. बावल मनोज कुमार, वार्ड 18 से 22 के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के कार्यकारी अधिकारी दीपक घनगस, वार्ड 23 से 27 के लिए हरियाणा राज्य परिवहन रेवाड़ी के महाप्रबंधक निरंजन शर्मा, वार्ड 28 से 32 के लिए जिला राजस्व अधिकारी प्रदीप देशवाल को संशोधित प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं नगर पालिका धारूहेड़ा में वार्ड 1 से 9 के लिए जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी नितिश कुमार सिंगला व वार्ड 10 से 18 के लिए नायब तहसीलदार धारूहेड़ा अजय मलिक को संशोधित प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। डीसी ने बताया कि नगर परिषद रेवाड़ी व नगर पालिका धारूहेड़ा के आगामी आम चुनाव के मद्देनजर वार्ड वाइज मतदाता सूची का ड्राफ्ट तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 27 फरवरी तक ड्राफ्ट रोल तैयार करने का कार्य किया जाएगा। इसके बाद 28 फरवरी को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन व दावे और आपत्तियां दर्ज कराई जा सकेंगी। संशोधित प्राधिकारी के पास दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की अंतिम तिथि 7 मार्च होगी और 12 मार्च तक उनका निपटारा किया जाएगा। जिला उपायुक्त के समक्ष अपील करने की आखिरी तारीख 16 मार्च है। इसके उपरांत 19 मार्च तक उपायुक्त द्वारा अपीलों का निपटारा किया जाएगा तथा 27 मार्च को अंतिम वोटर लिस्ट का प्रकाशन किया जाएगा।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को

# दोनों पक्षों की सहमति से निपटाए जाएंगे मामले: सीजेएम

भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।



**भांडोरिया ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम अमित वर्मा ने बताया कि रेवाड़ी जिला स्थित न्यायिक परिसर में 14 मार्च 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें दोनों पक्षों की सहमति से मामलों का निपटारा करवाया जाएगा। सचिव एवं सीजेएम अमित वर्मा ने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य लंबित मामलों का आपसी समझौते के माध्यम से त्वरित निपटारा करवाना है। लोक अदालत में ट्रैफिक चालान, बैंक रिकवरी, मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम, पारिवारिक विवाद, दीवानी एवं फौजदारी मामले, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, बिजली-पानी के बिलों तथा राजस्व आदि का निपटारा किया जाएगा। सीजेएम अमित वर्मा ने आमजन से अपील की है कि शनिवार, 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर का लाभ उठाएं। कोर्ट में अपने लंबित मामलों को आपसी सहमति से हल करवा लेने में ही फायदा है, जिससे कि समय कम लगे और मामूली खर्च में ही विवाद का निपटारा हो जाए। कोई भी केस में कोर्ट में चलता है तो लोगों को उसके लिए बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं और धन व समय भी खर्च होता है। लोक अदालत में आदमी आकर विवाद को सुलझा ले तो यह वहीं समाप्त हो जाता है।

# हरियाणा विधानसभा में पेंशन और बैंक घोटाले पर हंगामा, सदन में तीखी नोकझोंक

भीम प्रज्ञा न्यूज.चंडीगढ़।



**विजय रंगा (ब्यूरो चीफ) ।** हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन की कार्यवाही हंगामेदार रही। सत्र की शुरुआत होते ही बुढ़ापा पेंशन के मुद्दे पर विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच तीखी बहस हुई। कालांवाली से कांग्रेस विधायक शीशपाल केहरवाला ने आरोप लगाया कि बुढ़ापा पेंशन को वेरिफिकेशन के नाम पर रोका गया है, जिससे बुजुर्गों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर मंत्री कृष्ण बेदी ने जवाब देते हुए कहा कि कई मामलों में डेथ केस सामने आने के कारण सत्यापन की प्रक्रिया अपनाई गई है और पात्र लोगों की पेंशन बहाल की जा रही है। इसके बाद सदन में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक से जुड़े कथित घोटाले का मामला उठा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि सरकार ने 24 घंटे के भीतर पूरी राशि की रिकवरी कर ली है। उन्होंने कहा कि 556 करोड़ रुपये मूलधन और 22 करोड़ रुपये ब्याज सहित कुल राशि सरकारी था ।खातों में वापस जमा हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि यह मामला चंडीगढ़ स्थित बैंक शाखा के कुछ निचले स्तर के कर्मचारियों की मिलीभगत से हुआ मुख्यमंत्री ने इस दौरान पूर्ववर्ती सरकारों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उनकी सरकार एक-एक पैसे का हिसाब रखती है, जबकि पहले घोटालों की फाइलें दबा दी जाती थीं। इस बयान पर कांग्रेस विधायकों ने जोरदार हंगामा कियाऔर सदन में कुछ देर के लिए शोर-शराबा रहा। उधर, जींद के रामराय गांव में स्विमिंग पूल निर्माण की मांग को लेकर जुलाना से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट और खेल मंत्री गौरव गौतम के बीच तीखी बहस देखने को मिली। खेल मंत्री ने कहा कि इस संबंध में कोई प्रस्ताव नहीं आया है। इस पर विनेश फोगाट ने चुनौतीपूर्ण लहजे में कहा कि यदि मंत्री उनके सामने तालाब पार कर दिखाएं तो वह अपना दावा छोड़ देंगी। दिनभर चली बहस और आरोप-प्रत्यारोप के बीच सदन की कार्यवाही कई बार बाधित हुई, जिससे बजट सत्र का तीसरा दिन पूरी तरह राजनीतिक गर्माहट में गुजरा।

# उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत देकर बनाया जा रहा सशक्त: डीसी

## सरकारी बैंकों के माध्यम से न्यूनतम ब्याज दर पर उपलब्ध करवाई जा रही ऋण की सुविधा

भीम प्रज्ञा न्यूज.रेवाड़ी।



**भांडोरिया ।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में एक महत्वपूर्ण योजना है। योजना के तहत बिजली उपभोक्ताओं को बिल से राहत प्रदान कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है साथ ही सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है। डीसी अभिषेक मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की संयुक्त पहल के चलते सोलर रूफटॉप सिस्टम अब अत्यंत किफायती हो गया है। पात्र परिवारों को दी जा रही सब्सिडी के कारण सोलर सिस्टम लगवाना लगभग निःशुल्क के समान हो गया है। जिन उपभोक्ताओं के लिए प्रारंभिक निवेश करना संभव नहीं है, उनके लिए सरकारी बैंकों के माध्यम से न्यूनतम ब्याज दर पर ऋण सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने बताया कि दो किलोवाट क्षमता का सोलर सिस्टम प्रतिदिन लगभग 8 से 10 यूनिट बिजली उत्पादन करता है, जिससे मासिक उत्पादन करीब 300 यूनिट तक पहुंच जाता है। यह एक मध्यमवर्गीय परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त है और इससे बिजली बिल लगभग शून्य हो सकता है।

डीसी ने बताया कि सरकार ने आय वर्ग के अनुसार सब्सिडी को विभिन्न श्रेणियों में विभाजित किया है ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को अधिकतम लाभ मिल सके। योजना के तहत अंत्योदय परिवार जिसकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपए तक एवं वार्षिक खपत 2400 यूनिट तक है उन्हें 2 किलोवाट सोलर सिस्टम पर केंद्र सरकार से 60 हजार रुपए तथा हरियाणा सरकार से 50 हजार रुपए कुल 1 लाख 10 हजार रुपए की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। तीन लाख रुपए तक वार्षिक आय एवं 2400 यूनिट वार्षिक खपत वाले परिवारों को 2 किलोवाट पर केंद्र से 60 हजार रुपए और प्रदेश सरकार से 20 हजार रुपए, कुल 80 हजार रुपए का अनुदान दिया जा रहा है। इसके अलावा तीन लाख रुपए से अधिक आय वाले घरेलू उपभोक्ताओं को केंद्र सरकार द्वारा 1 किलोवाट पर 30 हजार रुपए, 2 किलोवाट पर 60 हजार रूपए तथा 3 किलोवाट तक की क्षमता पर कुल अधिकतम 78 हजार रुपए की सब्सिडी उपलब्ध करवाई जा रही है। डीसी ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस योजना का लाभ उठाकर अपने घरों में सोलर रूफटॉप सिस्टम स्थापित करें और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढाएं। इच्छुक उपभोक्ता घर बैठे आधिकारिक पोर्टल https//pmsuryaghar.gov.in/ पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया में किसी प्रकार की कठिनाई होने पर संबंधित उपभोक्ता अपने नजदीकी उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के उपमंडल अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

# सर्व समाज जागरूकता मंच की आवश्यक बैठक आज अटेली में

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।

**मनोज बुलाण ।** सर्व समाज जागरूकता मंच की आवश्यक बैठक आज 25 फरवरी को अटेली मंडी के हनुमान मंदिर में होगी। जानकारी देते हुए मंच के संरक्षक प्राचार्य डा. सत्यबीर यादव व उपाध्यक्ष मास्टर रामसिंह ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर होने वाले कार्यक्रम को लेकर बैठक में विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सर्व समाज क्षेत्र में अभियान जागरूकता अभियान चला कर सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभा रहा है। सामाजिक कुरीतियों में संस्कार हीनता जैसे लिव इन रिलेननशीप, एक गांव एक गोत्र में विवाह, विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक नैतिक अवमूल्यन के बारे में विचार विमर्श किया जाएगा।

# एडवोकेट बबली यादव द्वारा राजस्थान में श्याम भक्तों के लिए मेडिकल सेवा जारी

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।




**मनोज बुलाण ।** खाटू श्याम जी के फाल्गुनी लक्खी मेले में श्रद्धालुओं की सेवा के लिए विभिन्न संस्थाओं और भक्तजनों द्वारा निःशुल्क मेडिकल कैंप एवं अस्थायी अस्पताल संचालित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अटेली निवासी ग्रीवेंस कमेटी सदस्य एडवोकेट बबली यादव ने अपने अस्पताल कि ओर से राजस्थान के जिला सीकर स्थित कांवट में खाटू श्याम जी के दर्शनार्थ आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क मेडिकल सेवा निरंतर जारी है। राजस्थान के सीकर जिले में स्थित पवित्र धाम खाटू श्याम मंदिर में फाल्गुनी मेले के दौरान प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। बढ़ती भीड़ और लंबी पदयात्रा के चलते कई भक्तों को थकान, बुखार, डिहाइड्रेशन, चक्कर आने तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में कांवट मार्ग पर लगाया गया यह मेडिकल कैंप श्रद्धालुओं के लिए बड़ी राहत साबित हो रहा है। मेडिकल शिविर में प्राथमिक उपचार, निशुल्क दवाइयों का वितरण, ब्लड प्रेशर व शुगर जांच जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। जरूरत पड़ने पर गंभीर मरीजों को नजदीकी अस्पताल तक पहुंचाने की भी व्यवस्था की गई है। चिकित्सकों और स्वयंसेवकों की टीम दिन-रात सेवा में जुटी हुई है ताकि किसी भी श्रद्धालु को स्वास्थ्य संबंधी असुविधा न हो। इस मौके पर एडवोकेट बबली यादव ने कहा कि यह सेवा पूर्ण रूप से श्रद्धा, समर्पण और मानवता की भावना से की जा रही है। उनका उद्देश्य है कि कोई भी श्रद्धालु स्वास्थ्य समस्या के कारण बाबा श्याम के दर्शन से वंचित न रहे। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में भी धार्मिक आयोजनों एवं मेलों के दौरान इसी प्रकार सेवा कार्य जारी रखा जाएगा। वहीं श्रद्धालुओं ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यात्रा के दौरान इस प्रकार की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा मिलना अत्यंत राहत भरा है। यह सेवा न केवल मानवता का परिचायक है। बल्कि समाज में सहयोग और सेवा की भावना को भी सुदृढ़ करती है।

# युवा पीढ़ी को नशे के गर्त मे जाने से रोकने व नशे की दलदल में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए मिलकर करने होंगे प्रयास : फतेहाबाद डीसी

## फतेहबाद डीसी डॉ. विवेक भारती ने ली जिला नार्को समन्वय कमेटी व नशा मुक्त भारत अभियान की समीक्षात्मक बैठक

## डीसी के निर्देश- नशा तस्करों, सप्लायर्स और विक्रेताओं के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी

भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।



**रजत विजय रंगा, ।** डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे के गर्त में जाने से रोकने और नशे की दलदल में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि जो व्यक्ति नशा छोड़ चुके हैं उनकी सफलता की कहानियों के माध्यम से नशा करने वालों को जागरूक किया जाए। इसके लिए नशे के खिलाफ प्रेरक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया जाए और नशा छोड़ चुके व्यक्ति को नशा करने वाले को जागरूक करने के लिए उनके अनुभव व जीवन में आए बदलाव को साझा करने के लिए कहा जाए ताकि नशा करने वालों के जीवन पर इसका सकारात्मक असर पड़े और वे नशे की लत से दूर हो सकें। डीसी डॉ. भारती मंगलवार को जिला नार्को समन्वय कमेटी व नशा मुक्त भारत अभियान की समीक्षात्मक बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि रोकथाम इलाज से बेहतर है। नशे की गर्त में जाती युवा पीढ़ी को बचाने के लिए जरूरी है कि उन्हें जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार राज्य में नशे के दुरुपयोग पर लगातार कड़ी निगरानी रख रही है और इसे रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है। प्रदेशभर में मादक पदार्थों की सप्लाई चेन को तोडऩे हेतु एचएसएनसीबी की टीमें नियमित रूप से निगरानी और कार्रवाई कर रही हैं। डीसी ने कहा कि नशा समाज में फैली एक ऐसी कुरीति है जो देश के भविष्य को अंधकारमय बनाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि लोगों विशेषकर युवा पीढ़ी को जागरूक करना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नशे की शुरुआत आमतौर पर बाल्यकाल या युवावस्था से होती है। पहले युवा शौक-शौक में पीना शुरू करते हैं, जो धीरे-धीरे आदत बन जाती है। नशा व्यक्ति, परिवार के साथ-साथ समाज पर भी दुष्प्रभाव डालता है। उन्होंने शहर में संचालित किए जा रहे नशा मुक्ति केंद्र में साफ-सफाई के साथ-साथ केंद्र में दाखिल नशे के रोगियों को भोजन, दवाइयां, पेयजल सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# फतेहाबाद सीआईए की बड़ी कामयाबी: पंजाब का नशा तस्कर 105 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार

## ऑपरेशन 'जीवन ज्योति' के तहत सप्लाई चेन पर प्रहार, करीब 50 लाख रुपये की हेरोइन व मोटरसाइकिल जब्त

भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।



**रजत विजय रंगा ।** नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत फतेहाबाद पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में चल रहे 'ऑपरेशन जीवन ज्योति' के अंतर्गत सीआईए फतेहाबाद टीम ने पंजाब के एक कथित नशा तस्कर को 105 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) सहित गिरफ्तार किया है। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 50 लाख रुपये आंकी गई है। जानकारी देते हुए सीआईए फतेहाबाद प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल ने बताया कि उनकी टीम बस अड्डा दौलतपुर क्षेत्र में गश्त एवं अपराधियों की धरपकड़ हेतु मौजूद थी। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना मिली कि एक युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर पंजाब से हेरोइन की खेप लेकर क्षेत्र में सप्लाई करने आने वाला है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए टीम ने हिजरांवां खुर्द-हिजरांवां कलां रोड पर तुरंत नाकाबंदी कर सघन चेकिंग अभियान शुरू किया। कुछ समय पश्चात एक संदिग्ध युवक मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दिया, जिसे टीम ने तत्परता से काबू कर लिया। नियमानुसार स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 की धारा 50 के तहत कानूनी प्रक्रिया अपनाते हुए तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी की जेब से 105 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर ही हेरोइन को कब्जे में लेकर मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया।

# टी20 विश्व कप के सुपर-8 में न्यूजीलैंड के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करने उतरेगी श्रीलंका

**कोलंबो (एजेंसी)।** मेजबान श्रीलंकाई टीम बुधवार को अपने दूसरे सुपर-8 मैच में बुधवार को न्यूजीलैंड का मुकाबला करेगी। श्रीलंकाई टीम को अपने पहले ही मुकाबले में इंग्लैंड से हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में अब अगर वह न्यूजीलैंड से हारती है तो टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। मेजबान श्रीलंकाई टीम के बल्लेबाज अपने पहले मैच में असफल रहे थे, ऐसे में उसे अगर कीवी टीम से जीतना है तो स्पिनरों के खिलाफ अपने प्रदर्शन को सुधारना होगा। इंग्लैंड के खिलाफ श्रीलंकाई 147 रनों का लक्ष्य भी हासिल नहीं कर पाए थे। श्रीलंका की पिचें बल्लेबाजी के लिए कठिन मानी जाती हैं। इसके अलावा इन मैदानों पर बड़े शॉट खेलना भी कठिन होता है।

सुपर आठ के पहले मैच में श्रीलंका के बल्लेबाज गलत शॉट खेलकर अपना विकेट गंवाते दिखे थे और उसकी टीम को अपनी इन गलतियों से सबक लेना होगा। बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने टीम के खराब प्रदर्शन पर कहा, 'यह एक टी20 मैच है, इसलिए जाहिर है कि आप अधिक से अधिक रन बनाने की कोशिश करते हैं पर जब गेंद बल्ले पर ठीक से नहीं आ रही होती है, तो कहना आसान है पर रन बनान कठिन है।'

पथुम निसांका ने बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया है जबकि बाएं हाथ के स्पिनर दुनिथ वेलालेज ने भी अच्छी गेंदबाजी की है। वहीं दूसरी ओर न्यूजीलैंड और पाकिस्तान का मुकाबला बारिश से नहीं हो पाया था। जिससे दोनो को ही एक-एक अंक मिला है। कीवी टीम के पास भी कप्तान मिचेल सेंटनर सहित अच्छे स्पिनर हैं जो श्रीलंका के बल्लेबाजों की परीक्षा लेंगे।

दोनों टीम सुपर आठ में पहली जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगी। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलन और टिम सीफर्ट की जोड़ी ने लीग चरण के दौरान जबरदस्त बल्लेबाजी की है। इसके अलावा रचिन रविंद्र भी कनाडा के खिलाफ अर्धशतक लगाकर फॉर्म में आ गये हैं। ऐसे में श्रीलंकाई गेंदबाजों के लिए कीवी बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना आसान नहीं रहेगा।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**श्रीलंका:** दासुन शनाका (कप्तान), पथुम निसांका, कामिल मिशारा, कुसल मेंडिस, कामिंडु मेंडिस, कुसल जेनिथ परेरा, चैरिथ असलांका, जेनिथ लियानागे, पवन रथनायके, वानिंदु हसरंगा, डुनिथ वेललागे, महीश थीक्षाना, दुशमंथा चमीरा, मथीशा पथिराना, ईशान मलिंगा।




**न्यूजीलैंड:** मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, डैरिल मिशेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, टिम सीफर्ट, इश सोढ़ी, कोल मैककॉन्ची।

# अभिषेक, तिलक और रिंकू पर लटक रही तलवार



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के सहायक कोच टेन डोइशे और सितांशु का कहना है सुपर-8 के अगले मैचों के लिए टीम की फिर से समीक्षा करते हुए बदलाव किये जायंगे। ऐसे में तय है कि अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा और रिंकू सिंह की जगह खतरे में हैं। इन तीनो में से किसी एक का बाहर जाना तय है। ये तीनो ही अब तक इस टूर्नामेंट में असफल रहे हैं। इसके अलावा टीम प्रबंधन शीर्ष क्रम में अधिक बाएं हाथ के बल्लेबाजों को उतारे जाने की रणनीति पर भी फिर विचार करेगा। दक्षिण अफ्रीका से पहले ही मुकाबले में भारतीय टीम की हार के बाद से ही उसके लिए अब बचे हुए दोनो मैच बड़े अंतर से जीतना जरुरी है। इसलिए फार्म से बाहर चल रहे खिलाड़ियों को बनाये रखने का खतरा नहीं उठाया जा सकता है। अभिषेक अब तक चार मैचों में 15 रन जबकि तिलक वर्मा पांच मैचों में 107 रन ही बना पाये हैं। इसके अलावा रिंकू भी फिनिशर की भूमिका में विफल रहे हैं। वह 29 गेंदों में 82.75 की स्ट्राइक रेट से केवल 24 रन ही बना पाये हैं।

कोटक ने कहा, अगर मुख्य कोच और टीम प्रबंधन को लगता है कि हमें कुछ बदलाव करने हैं तो हम करेंगे। अब इस पर विचार हो रहा है कि अगर हमें बदलाव करना है तो वह क्या होगा और कैसे होगा। अब हम ऐसे स्थान पर पहुंच गए हैं कि हमें कुछ भी बादलाव करते समय कई बातों का ध्यान रखना होगा। वहीं डोइशे ने माना है कि टीम में बैकअप में विशेषज्ञ बल्लेबाजों की की है। उन्होंने कहा, या तो आप उन्हीं खिलाड़ियों को चुनते हैं जो आपको लगता है कि पिछले डेढ साल में अच्छा खेल रहे हैं, भले ही अभी रन नहीं बना पा रहे हैं। या फिर बदलाव करके संजू सैमसन को लाते हैं जो शानदार खिलाड़ी है और उनके आने से शीर्षक्रम में दायें और बाएं का संयोजन लाभकारी रहेगा। उन्होंने कहा, अगले दो अहम मैचों से पहले सैमसन को शामिल करने के बारे में विचार होगा। साथ ही कहा कि अभिषेक और तिलक का फॉर्म चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, ये दोनो ही अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा पाये हैं। वहीं अभिषेक को सलाह दिये जाने को लेकर कोटक ने कहा, बल्लेबाजी कोच होने के कारण मेरा मानना है कि उसे जरूरत से ज्यादा सलाह देने की जरुरत नहीं है। उसके दिमाग को ठीक से काम करने दें। लगातार सलाह से मानसिक दबाव पड़ता है जिससे बल्लेबाज का मनोबल गिरता है। उसे अपने अनुसार खेलने देना ही बेहतर रहेगा

# तिलक अंतिम ग्यारह में शामिल करने के लायक नहीं : श्रीकांत



### –सैमसन को मिले अवसर

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कृष्णामाचारी श्रीकांत ने कहा है कि तिलक वर्मा अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर रहे। इसलिए अंतिम ग्यारह में उनकी जगह नहीं बनती है। श्रीकांत के अनुसार अभी के समय में तिलक को टीम में रखना फायदेमंद नहीं है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच में भी वह केवल एक रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। इससे अन्य बल्लेबाजों पर दबाव आ गया था। उन्हें ऐसे समय पर अच्छी बल्लेबाजी करनी चाहिये थी। , क्योंकि ईशान किशन बिना खाता खोले आउट हो गए थे।

अब तक विश्वकप के पांच मैचों में तिलक 118.88 के स्ट्राइक रेट से 107 रन बना पाये हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तिलक के आउट होने के तरीके से श्रीकांत नाराज हैं। उनका कहना है कि अब सुपर-8 के बचे हुए मैचों में संजू सैमसन को उनकी जगह शामिली किया जाना चाहिये। श्रीकांत ने कहा, ÷अगर सैमसन को 11 में आना है, तो तिलक के लिए कोई जगह नहीं है। कई अनय लोग भी तिलक के बल्लेबाजी के तरीके से हैरान हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने जो शॉट खेला, उसके लिए उन्हें 11 से बाहर किए जाने की पूरी संभावना है। यह काफी खराब शॉट था और ऐसा शॉट खेलने के बाद वह क्रीज पर टिके रहने के लायक नहीं थे।÷

श्रीकांत ने कहा कि विराट कोहली के संन्यास के बाद बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम मुश्किल में आ जाती है।

# ब्रिस्बेन वनडे में टीम इंडिया की करारी हार, स्मृति मंधाना का अर्धशतक गया बेकार

**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** मंगलवार को ब्रिस्बेन के एलन बॉर्डर फील्ड में खेले गए वनडे द्विपक्षीय श्रृंखला के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया महिला टीम ने भारत को छह विकेट से हरा दिया। एलिसा हीली की अगुवाई वाली टीम ने तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है। ऑस्ट्रेलिया टी20 सीरीज में 1-2 से हार के बाद इस मैच में उतरी थी। उन्होंने मेहमान टीम को 214 रनों पर रोककर 215 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया।



लक्ष्य का पीछा करते हुए, कप्तान हीली ने फोएबे लिचफील्ड (32 गेंदों में 32 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 55 रनों की साझेदारी की। श्री चरानी ने 11वें ओवर में अपनी टीम को पहली सफलता दिलाई। उन्होंने इसी ओवर में जॉर्जिया वोल को भी आउट किया। आउट होने वाली कप्तान हीली ने 70 गेंदों में 50 रन बनाए। उन्होंने बेथ मूनी (79 गेंदों में 76 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 64 रनों की साझेदारी की। एनाबेल सदरलैंड (44 गेंदों पर 48 रन नाबाद) और गार्डनर (4 गेंदों पर 5 रन नाबाद) नाबाद रहीं और ऑस्ट्रेलिया ने आसानी से जीत हासिल कर ली। मैच जिताने वाली इस शानदार पारी के लिए मूनी को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प चुनते हुए, भारतीय महिला टीम ने पहले ही ओवर में अपना पहला विकेट खो दिया जब मेगन शट ने विकेट के सामने प्रतिका रावल को कैच दे दिया। शेफाली वर्मा एक रन पीछे बल्लेबाजी करने आईं और लय हासिल नहीं कर सकीं। उन्होंने 17 गेंदों में सिर्फ चार रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। डार्सी ब्राउन ने उन्हें आठवें ओवर में कैच आउट किया। जेमिमा रोड्रिग्स भी सिर्फ आठ रन बनाकर आउट हो गईं। पावरप्ले खत्म होने के तुरंत बाद एशले गार्डनर ने उन्हें आउट कर दिया। बेथ मूनी ने विकेट के पीछे एक शानदार कैच पकड़ा।

स्मृति मंधाना ने 20वें ओवर में ताहलिया मैकग्राथ की गेंद पर एक रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया। मैकग्राथ ने अपने अगले ओवर में मंधाना को 58 रन पर आउट कर दिया। उन्होंने अपनी प्रभावशाली पारी में सात चौके लगाए। दीप्ति शर्मा क्रीज पर आईं और जल्द ही सिर्फ दो रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। इसके बाद ऋचा घोष कप्तान हरमनप्रीत कौर के साथ शामिल हुईं और दोनों ने छठे विकेट के लिए 37 रन जोड़े।

# आईपीएल की तरह बदलाव वाली नीति विश्वकप में नहीं चलती : अश्विन

नई दिल्ली । भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर आर अश्विन ने टीम प्रबंधन की रणनीति पर सवाल उठाये हैं। अश्विन के अनुसार टी20 विश्वकप जीतने के लिए टीम प्रबंधन को आईपीएल वाली बदलाव की सोच से बाहर आना होगा। अश्विन ने कहा कि प्रबंधन ने जिस प्रकार दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उपकप्तान अक्षर पटेल को बाहर बिठाया वह समझ से परे हैं। साथ ही कहा कि ये सब आईपीएल में चलता पर विश्वकप में नहीं। अश्विन ने कहा कि इस प्रकार के बदलाव आईपील में इसलिए चलते हैं क्योंकि टीम को 14 गेम खेलने होते हैं पर आईसीसी टूर्नामेंट में बदलाव कम से कम होने चाहिये और जितना आज टीम को स्थर रखते हैं उतना ही लाभ होता है। अश्विन ने साथ ही कहा, आपको नहीं भूलना चाहिए कि अक्षर ने पिछले विश्व कप में किस प्रकार का प्रदर्शन किय था।

# धोनी ऐसी बाइक चलाते दिखे जो भारत में लांच ही नहीं हुई थी

रांची ।भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी बाइक ?स के काफी शौकीन हैं। रांची की सड़कों पर भी वह कई बार बाइक चलाते दिखते हैं। उनके पास एक से बढ़कर एक बाइकें हैं। जिसमें डुकाटी, कावासाकी, हार्ले-डेविडसन, यामाहा के अलावा कई विंटेज और हाई-परफॉर्मेंस बाइक्स भी हैं। वहीं अब धोनी एक वीडियो में



ऐसी बाइक चलाते दिखें हैं जो भारत में कभी लांच ही नहीं हुई थी। ये यामहा की एसआर400 है। यह पुराने जमाने की ऐसी बाइक है जो भारत में कुछ ही लोगों के पास हैं। ये क्लासिक रेट्रो-स्टाइल मोटरसाइकिल साल 1970 की यूनिवर्सल जापानी मोटरसाइकिल्स से प्रेरित होकर 1978 में बनायी गयी थी पर 2021 में इसे बनाना बंद कर दिया गया। इसका कारण है कि यह पुरानी टेक्नोलॉजी वाली बाइक थी और प्रदूषण के नये मानकों पर खरी नहीं उतरी। यह बाइक कस्टमाइज़ेशन के कारण काफी लोकप्रिय हुई है।इससे भारत में कभी भी आधिकारिक रुप से लांच नहीं किया गया केवल ये आयात की गयी है। ये एक मोटरसाइकिल नहीं, बल्कि दोपहिया वाहनों की दुनिया में एक 'टाइम मशीन' की तरह है।इसकी सबसे बड़ी खासियत इसका 399सीसी का एयर-कूल्ड, सिंगल-सिलिंडर इंजन है।इस बाइक की ट्यूनिंग इस तरह की गई है कि यह कम रफ्तार पर भी काफी अच्छी चलती है।इसमें इलेक्ट्रिक स्टार्ट का विकल्प भी नहीं है और किक से स?टार्ट होती है। ये ऊबड़-खाबड़ रास्तों पर भी काफी अच्छे से चलती है। इसमें सिग्नेचर टीयरड्रॉप फ्यूल टैंक, गोल हेडलाइट और चमकता हुआ क्रोम एग्जॉस्ट दिया गया है। ये बाइक 130-140 किमी/घंटा की टॉप स्पीड तक जा सकती है।

# गंभीर की पॉलिटिक्स ने टीम इंडिया की इमेज को नुकसान पहुंचाया, पूर्व पाक बल्लेबाज का बड़ा बयान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर 8 चरण में दक्षिण अफ्रीका से मिली हार के बाद भारतीय टीम पर सवाल उठने लगे हैं। इसी बीच पाकिस्तान के पूर्व बल्लेबाज अहमद शहजाद ने टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर पर तीखी टिप्पणी की है। शहजाद का दावा है कि गंभीर की राजनीतिक पृष्ठभूमि का असर टीम के माहौल पर पड़ा है। साथ ही उन्होंने चयन फैसलों और संसाधनों के इस्तेमाल को लेकर भी सवाल उठाए हैं।

### सुपर 8 हार के बाद बढ़ा दबाव

टी20 वर्ल्ड कप 2026 में सुपर 8 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली बड़ी हार ने भारतीय खेमे में चिंता बढ़ा दी है। इस हार के बाद सेमीफाइनल की राह मुश्किल हो सकती है, जिससे कोचिंग स्टाफ और टीम मैनेजमेंट पर दबाव साफ दिख रहा है। कुछ चयन फैसलों ने भी बहस को जन्म दिया। अहम मुकाबले में अक्षर पटेल की जगह वाशिंगटन सुंदर को मौका देने पर फैंस और क्रिकेट विशेषज्ञों ने सवाल उठाए।

### पॉलिटिक्स टीम में भी आ गई : शहजाद

अहमद शहजाद ने कहा कि 2019 से



2024 के बीच राजनीति में सक्रिय रहने के दौरान गंभीर का दृष्टिकोण बदल गया। उनका इशारा उस समय की ओर था जब गंभीर सांसद रहे। शहजाद का मानना है कि राजनीति का असर अब टीम प्रबंधन में भी दिखाई दे रहा है। उनके मुताबिक, किसी भी खेल में सफलता के लिए पूर्ण फोकस जरूरी होता है, और अगर ध्यान बंटे तो उसका असर टीम के माहौल पर पड़ सकता है।

### कुलदीप यादव को लेकर उठे सवाल

शहजाद ने यह भी कहा कि टीम अपने संसाधनों का सही इस्तेमाल नहीं कर रही है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कुलदीप यादव का जिक्र किया, जिन्हें टूर्नामेंट में सीमित मौके मिले हैं। उनका कहना था कि कुलदीप जैसे मैच-विनर स्पिनर को लगातार बाहर रखना समझ से परे है। टी20 फॉर्मेट में विविधता और विकेट लेने की क्षमता बेहद अहम होती है, और कुलदीप उस भूमिका को निभा सकते हैं।

### कप्तान के साथ विवाद की चर्चा

शहजाद ने एक कथित घटना का भी जिक्र किया, जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ मैच के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव और कुलदीप के बीच कहासुनी की बात सामने आई थी। हालांकि बाद में दोनों खिलाड़ियों ने सार्वजनिक रूप से ऐसी किसी अनबन से इनकार किया। फिर भी शहजाद का मानना है कि कुलदीप को बाहर रखने के पीछे कोई और कारण हो सकता है। हालांकि इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### चयन और रणनीति पर बहस

टीम इंडिया के चयन और रणनीति को लेकर चर्चा तेज है। आलोचकों का कहना है कि बड़े टूर्नामेंट में टीम कॉम्बिनेशन का संतुलन बेहद अहम होता है। स्पिन विकल्पों और ऑलराउंडर्स के बीच सही तालमेल बनाना जीत की कुंजी साबित हो सकता है। इसके बावजूद यह भी तथ्य है कि गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार की अगुवाई में भारत ने हालिया बाइलेटरल सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया है।

# एफआई प्रो लीग में स्पेन ने भारतीय हॉकी टीम को हराया



होबार्ट । स्पेन ने एफआई एच प्रो लीग के ऑस्ट्रेलियाई चरण में भारतीय हॉकी टीम को शूटआउट में 4-3 से हरा दिया। दोनो टीमों के बीच तय समय तक मुकाबला 1-1 से बराबरी पर रहा पर इसके बाद पेनल्टी शूटआउट में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में स्पेन ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपना पर गोल नहीं कर पायीं। 19वें मिनट में कप्तान हार्दिक सिंह के एक पास पर मनिंदर सिंह ने गोल दागकर भारतीय टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। वहीं तीसरे क्वार्टर में स्पेन ने जबरदस्त प्रहार किये पर भारतीय रक्षा पंक्ति और गोलकीपर ने बचाव कर लिया। इसके बाद भारतीय टीम ने भी जवाबी हमले किये। स्पेन के ब्रूनो फॉन्ट ने अंतिम क्षणों में शानदार गोल दागकर मुकाबले को 1-1 से बराबरी पर ला दिया। वहीं इसके बाद हुए शूटआउट में भारत के अभिषेक और हार्दिक सिंह गोल नहीं कर पाये जिससे स्पेन ने 4-3 से मुकाबला जीत लिया।

# बीसीएल में खेलते नजर आयेंगे धवन



मुम्बई। हाल में आयरलैंड की सोफी शाइन से दूसरी शादी करने वाले पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन अब बिग क्रिकेट लीग (बीसीएल) के दूसरे सत्र में खेलते नजर आएंगे। धवन बीसएल के दूसरे सत्र में 'यूपी ब्रिज स्टार्स' की ओर से खेलेंगे। धवन जैसे अनुभवी क्रिकेटर का लाभ टीम के युवाओं को मिलेगा। इससे पहले इसे लीग के पहले सत्र में भी धवन ने अच्छा प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया था। बिग क्रिकेट लीग का आयोजन ग्रेटर नोएडा के खेल परिसर में होगा। ये टूर्नामेंट 11 मार्च से शुरु होगा और इसका खिताबी मुकाबला 22 मार्च को खेला जाएगा। यूपी ब्रिज स्टार्स प्रबंधन को उम्मीद है कि धवन की कप्तानी में टीम बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज करेगी। उनके रहने से से युवा खिलाड़ियों को भी सीखने का काफी अवसर मिलेगा।बीसएल एक ऐसा टूर्नामेंट हैं जिसमें गली-मोहल्लों में खेलने वाले प्रतिभाशाली क्रिकेटरों को अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय सितारों के साथ खेलने का अवसर मिलता है। इस लीग में डॉक्टर, इंजीनियर, दुकानदार, वकील, किसान या किसी भी अन्य पेशे से जुड़ा व्यक्ति खेल सकता है। खास बात ये है कि आम खिलाड़ियों को भी अंतररष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ खेलने का अवसर मिलता है।

# जब हम वेस्टइंडीज से खेलेंगे तो नेट रन-रेट जरूर मायने रखेगा : पार्थिव पटेल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत को टी20 वर्ल्ड कप 2026 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सुपर 8 मैच में अहमदाबाद में 76 रन से हार का सामना करना पड़ा। जियोस्टार के'फॉलो द ब्लूज' पर बात करते हुए, जियोस्टार एक्सपट 'पार्थिव पटेल ने भारत की हार, पावरप्ले में उनकी बैटिंग को लेकर चिंताओं और ज़िम्बाब्वे के खिलाफ अगले मैच के लिए प्लेइंग ढ्ढ में संभावित बदलावों का विश्लेषण किया।

पार्थिव पटेल ने भारत के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की जीत पर कहा, '12 मैचों की जीत का सिलसिला पक्का खत्म हो गया है, लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने बेहतर क्रिकेट खेला। मुझे लगा कि उन्होंने बहुत अच्छे से प्लान बनाया था और अपनी स्ट्रेटेजी को बहुत अच्छे से एग्जीक्यूट किया। हालांकि, हार का मार्जिन काफी है, और नेट रन-रेट निश्चित रूप से तब काम आएगा जब हम 1 मार्च को कोलकाता में वेस्ट इंडीज का सामना करने जाएंगे। यह दक्षिण अफ्रीका के लिए एक बड़ी जीत है, और यह सभी मुश्किलों के बावजूद मिली, यह देखते हुए कि इंडियन टीम जिस तरह से खेल रही थी। आपको दक्षिण अफ्रीका को क्रेडिट देना होगा। हां, उन्हें कुछ समय के लिए अहमदाबाद में खेलने का फायदा मिला, लेकिन यह हमारा घर है। जाहिर है, भारतीय टीम वापस जाकर यह देखना चाहेगी कि क्या उन्होंने चीजों को सिंपल रखने के बजाय उन्हें कॉम्प्लिकेटेड बना दिया था।'

पावरप्ले में भारत को जरूरी शुरुआत नहीं मिलने पर पार्थिव पटेल ने कहा, 'सिर्फ इस गेम में ही नहीं, बल्कि नामीबिया या अमेरिका और पाकिस्तान के खिलाफ भी, हालांकि वह बैटिंग के लिए मुश्किल विकेट था, लेकिन जल्दी विकेट खोना भारत के लिए चिंता की बात रही है। जिस तरह से भारत ने पावरप्ले में विकेट खोए हैं, खासकर ऑफ-स्पिनरों के खिलाफ, वह चिंता की बात है। इस बार यह मार्करम के लिए था। वे बहुत ज़्यादा शॉट खेल रहे हैं, एंगल के खिलाफ जा रहे हैं। शायद वे बैटिंग ऑर्डर में थोड़ा बदलाव करने के बारे में सोच सकते हैं, खासकर टॉप पर तीन लेफ़्ट-हैंडर होने पर। वे सूर्यकुमार को नंबर तीन पर भेज सकते थे। मुझे लगा कि भारत इस गेम में ऐसा कर सकता था। जब आप हाई-रिस्क, हाई-रिवॉड 'वाला गेम खेलते हैं, तो ऐसे दिन आना तय है।'

पटेल ने संजू सैमसन की प्लेइंग ढ्ढ में वापसी पर कहा, 'मैं अक्षर पटेल को टीम में वापस आते देखना चाहूंगा। उन्होंने पहले भी अहम पारियां खेली हैं। हां, मैच-अप की भी अहमियत है, लेकिन मैं अक्षर पटेल को जरूर लाऊंगा। संजू सैमसन का भी सवाल है। चेन्नई में अब उनकी घर वापसी भी हो सकती है। यह कुछ ऐसा है जिस पर भारत जरूर विचार करेगा, खासकर यह देखते हुए कि भारतीय लेफ्ट-हैंडर ऑफ-स्पिनर के खिलाफ बड़ी समस्या का सामना कर रहे हैं। जब आप जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलते हैं, तो सिकंदर रजा भी पावरप्ले में काम आ सकते हैं। मैं तिलक की जगह संजू सैमसन को नहीं उतारूंगा। हां, संजू सैमसन भी



अच्छे फॉर्म में नहीं हैं। या शायद, भारत बैटिंग ऑर्डर बदलने की कोशिश कर सकता है, फिर सूर्या को नंबर तीन पर बैटिंग करनी होगी।'



# इंडो-हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनी प्रियामणि

प्रियंका चोपड़ा ने बॉलीवुड से निकलकर हॉलीवुड में एक अलग मुकाम बनाया है। साथ ही बाकी भारतीय कलाकारों के लिए भी राह खोली है। प्रियंका की राह पर चलते हुए साउथ एक्ट्रेस प्रियामणि भी अब एक इंडो-हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बन रही हैं। इसमें उनके साथ टीवी पर 'महादेव' का किरदार निभाने वाला एक चर्चित एक्टर नजर आएगा।

### मोहित रैना होंगे प्रियामणि के अपोजिट



इस फिल्म में प्रियामण के अपोजिट टीवी के चर्चित एक्टर मोहित रैना नजर आएंगे। वह बॉलीवुड फिल्मों और सीरीज में भी दमदार किरदार निभा चुके हैं। लेकिन टीवी सीरियल 'देवों के देव महादेव' में उन्होंने भगवान शिव की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म का हिस्सा बनने पर मोहित रैना कहते हैं, 'यह प्रोजेक्ट मेरे दिल के बहुत करीब है क्योंकि यह पहचान और अपनेपन को बहुत ईमानदारी से दिखाता है।' वहीं प्रियामणि ने कहा, 'जिस चीज ने मुझे तुरंत इस फिल्म की तरफ खींचा, वह थी कहानी का इमोशन और सच्चाई।' यूएस बेस्ड रेड बाइसन प्रोडक्शंस ने इस क्रॉस बॉर्डर फीचर फिल्म के लिए मुंबई के एज्योर एंटरटेनमेंट के साथ पार्टनरशिप की है। यह फिल्म हर्ष महादेश्वर द्वारा लिखी गई। वही इसका डायरेक्ट करेंगे। अभी तक फिल्म का टाइटल नहीं रखा गया है। यह एक फीचर फिल्म होगी, जिसकी कहानी सच्ची कहानी पर आधारित है। इसमें एक अप्रवासी परिवार की भावुक कहानी दिखाई जाएगी। यह प्रोजेक्ट अप्रैल 2026 में शुरू होगा।



# अब 'प्रोड्यूसर' बन लोगों का दिल जीतेंगी नित्या मेनन

अपने अभिनय से लोगों के दिलों में राज करने वाली साउथ सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री नित्या मेनन अब नई शुरुआत करने जा रही हैं। अभिनेत्री ने बताया कि वे अब बतौर प्रोड्यूसर डेब्यू करने जा रही हैं। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक खास वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने अपने नए प्रोडक्शन हाउस का ऐलान किया। अभिनेत्री नित्या मेनन ने लिखा, 'मेरे लिए फिल्में बनाना सिर्फ कहानियां सुनाना नहीं है, बल्कि दिल से दिल जुड़ने का तरीका है। जब मैं कुछ बनाती हूं तो यह न सिर्फ दर्शकों को बदलता है, बल्कि मुझे भी बदल देता है।' अभिनेत्री ने बताया कि रचनात्मक प्रक्रिया में डूबकर मैं खुद में बदलाव महसूस करती हूं और जो इसे देखते हैं, उनके अंदर भी एक हल्का-सा परिवर्तन आता है। अभिनेत्री ने लिखा, 'यह बदलाव शुरू में शायद नजर न आए, लेकिन यह हमेशा के लिए असर छोड़ जाता है। फिल्म बनाना मेरे लिए व्यक्तित्व के उस सच्चे और संवेदनशील हिस्से को छूने जैसा है, जो सबसे असली होता है, जब मैं अभिनय करती थी। उसी समय मैंने सोच लिया था कि मैं प्रोड्यूसर बनूंगी और अब प्रोड्यूस करने पर भी यही सोच बनी रहेगी। आपके सामने पेश है- कीयूरी प्रोडक्शंस।' वीडियो में बताया गया है कि केयुरी धरती की गुफाओं से निकली है, चट्टान से बनी है, रोशनी से प्यार करती है, और किसी खास रूप में नहीं बंधी है। यह नाम और उसका मतलब नित्या की रचनात्मक सोच को दर्शाता है, जहां वे ऐसी कहानियां बनाना चाहती हैं जो गहरी भावनाओं को छूएं और लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएं।

नित्या मेनन साउथ इंडियन सिनेमा में अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए जानी जाती हैं। वे अभिनेत्री होने के साथ-साथ पार्श्व गायिका भी हैं, जो मुख्य रूप से मलयालम, तेलुगु, तमिल और कन्नड़ फिल्मों में अपने दमदार अभिनय के लिए जानी जाती हैं। उन्हें 'थिरुचित्राम्बलम' (2022) के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और चार फिल्मफेयर अवार्ड साउथ मिल चुके हैं। साल 1998 में एक बाल कलाकार के रूप में शुरुआत करने वाली नित्या मेनन बॉलीवुड की फिल्म 'मिशन मंगल' में नजर आई थीं।




# 'द वॉर्डरोब' से होगा दिव्या अग्रवाल का बॉलीवुड डेब्यू

**अपकमिंग बॉलीवुड हॉरर फिल्म 'द वॉर्डरोब' का फर्स्ट-लुक पोस्टर आ गया है। टीवी रियलिटी शोज की विजेता रह चुकीं दिव्या अग्रवाल इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं।**



पोस्टर में एक पुरानी, आधी खुली लकड़ी की अलमारी से एक रहस्यमयी महिला बाहर आती दिखाई दे रही है। अलमारी के अंदर से निकलती लाल रोशनी उसके खून से सने सफेद गाउन को और डरावना बना रही है। चारों ओर धुआं, गहरे साए और खौफ का माहौल, पूरा सीन किसी डरावने सपने जैसा लगता है। लाल रंग में लिखा फिल्म का टाइटल 'द वॉर्डरोब' अंधेरे बैकग्राउंड पर और भी डरावना एहसास दे रहा है। दिव्या ने कहा, 'इस फिल्म ने मुझे एक कलाकार के तौर पर चैलेंज किया। कहानी बहुत ग्रिपिंग और एटमॉस्फेरिक है। मैं चाहती हूं कि दर्शक इसे जल्द से जल्द देखें।' वहीं रजनीश दुग्गल ने भी फिल्म की स्क्रिप्ट की तारीफ करते हुए कहा कि इसमें सस्पेंस और साइकोलॉजिकल एलिमेंट्स का शानदार बेलेंस है।

फिल्म की कहानी एक साधारण-सी दिखने वाली अलमारी से शुरू होती है, जो धीरे-धीरे डरावनी घटनाओं की एक लंबी कड़ी को जन्म देती है। ट्विस्ट, शॉक और रहस्य से भरी यह कहानी दर्शकों को सीट से बांधे रखने पर मजबूर कर सकती है। फिल्म 24 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# युवराज सिंह की बायोपिक करना चाहते हैं सिद्धांत चतुर्वेदी

अपनी आगामी फिल्म ' दो दीवाने सहर में' को लेकर चर्चा में बने अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी ने एक बार फिर अपने उस ड्रीम रोल के बारे में खुलकर बात की है, जो सालों से उनके दिल के बेहद करीब है। जी हाँ, अपने करियर की शुरुआत क्रिकेट पर आधारित वेब सीरीज़ 'इनसाइड एज' से करनेवाले सिद्धांत चतुर्वेदी ने एक बार फिर क्रिकेट की तरफ लौटते हुए भारतीय क्रिकेट के दिग्गज क्रिकेटर युवराज सिंह की बायोपिक करने की इच्छा जताई है। गौरतलब है कि अमेजॉन प्राइम विडिओ के वेब सीरीज़ 'इनसाइड एज' में क्रिकेट की चमक-दमक के पीछे की अंधेरी दुनिया को सिद्धांत ने बखूबी उकेरा था। फिलहाल बायोपिक के संदर्भ में सिद्धांत कहते हैं, 'मैं वर्ष 2019 से कहता आ रहा हूं और आज भी कहूंगा और कहूंगा, बल्कि इसे मैनिफेस्टभी करता हूँ एक दिन मुझे मशहूर क्रिकेटर युवराज सिंह की बायोपिक करने का मौक़ा मिले। उनकी जर्नी एक रोलरकोस्टर की तरह वाकई अविश्वसनीय रही है। मुझे वे न सिर्फ क्रिकेटर के तौर पर पसंद हैं, बल्कि व्यक्तित्व भी उनका शानदार है। मैं उनके क्रिकेट के साथ उनकी लाइफस्टाइल, और समस्याओं के प्रति उनके जज्बे को सलाम करता हूँ, जिस तरह उन्होंने परेशानियों को मात दी। वाकई वे एक आइकन हैं, और दुनिया को उनकी कहानी ज़रूर जाननी चाहिए।' वैसे बायोपिक की बात करें तो सिद्धांत जल्द ही दिग्गज फिल्ममेकर 'वी. शांताराम' का चुनौतीपूर्ण बायोपिक में नज़र आनेवाले हैं और इसके फर्स्ट लुक के साथ ही वे अपने दर्शकों की सराहना भी पा चुके हैं।



# 'धुरंधर 2' और 'टॉक्सिक' की टक्कर से बचकर निकले सनी देओल; आगे खिसकी 'गबरू' की रिलीज डेट



सनी देओल अभिनीत फिल्म 'बॉर्डर 2' बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त तरीके से सफल हुई है। इस बीच वे अपने आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं, जिनमें फिल्म 'गबरू' का भी नाम है। पहले यह फिल्म मार्च में रिलीज होने वाली थी। मगर, अब दर्शकों को इसके लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। रिलीज डेट में बदलाव किया गया है।

### 'गबरू' कब होगी रिलीज?

'बॉर्डर 2' के बाद सनी देओल के फैंस की नजर उनकी आगामी फिल्मों पर टिकी है। शशांक उदयपुरकर निर्देशित यह फिल्म पहले 13 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। मगर, अब इसमें बदलाव कर दिया गया है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, यह फिल्म 08 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। हाल ही में हृद्ध के साथ बातचीत में सनी देओल ने 'गबरू' को अपने दिल के सबसे करीब फिल्मों में से एक बताया।

### फिल्म 'चांद मेरा दिल' से होगा टकराव

फिल्म 'गबरू' को विशाल राणा और ओम छंगानी के प्रोड्यूस किया है। फिल्म में सनी देओल के साथ सिमरन और प्रीत कमानी अहम रोल में हैं। सनी देओल की 'गबरू' की रिलीज डेट में बदलाव के बाद अब इसका मुकाबला लक्ष्य ललवानी और अनन्या पांडे की फिल्म 'चांद मेरा दिल' से होगा। यह फिल्म भी 08 मई को रिलीज होने वाली है। अनन्या और लक्ष्य की फिल्म को करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनाया गया है।

### 'धुरंधर 2' और 'टॉक्सिक' से बच निकले सनी देओल

बता दें कि मार्च में दो बड़ी फिल्में सिनेमाघरों में दस्तक दे रही हैं। रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' और यश की 'टॉक्सिक'। दोनों ही फिल्में 19 मार्च 2026 को रिलीज हो रही हैं। 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त तरीके से सफल रही। इसके दूसरे पार्ट का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दूसरी तरफ, 'टॉक्सिक' का भी क्रेज है। संभवत: इन दोनों फिल्मों से भिड़ंत से बचने के लिए मेकर्स ने सनी देओल की 'गबरू' की रिलीज में बदलाव किया है।



# फिल्म बनाने के लिए प्रियंका ने किया प्रेरित



मीरा चोपड़ा साउथ और बॉलीवुड फिल्मों के अलावा प्रियंका चोपड़ा की कजिन बहन के तौर पर पहचानी जाती हैं। शादी के बाद वह फिल्मों से दूर थीं लेकिन अब बतौर फिल्ममेकर उन्होंने साइलेंट फिल्म 'गांधी टॉक्स' के साथ वापसी की। हमसे खास बातचीत में उन्होंने अपने करियर, प्रियंका चोपड़ा की सलाह सहित कई विषयों पर बात की। बतौर फिल्ममेकर डेब्यू करने के बाद क्या वह आगे अपनी फिल्म में बहन प्रियंका चोपड़ा को कास्ट करने के बारे में सोचती हैं। इस सवाल के जवाब में उन्होंने हंसते हुए कहा, 'नहीं...नहीं। अभी तो मैं वो नहीं कर सकती। मैं अभी उनको एफोर्ड ही नहीं कर सकती हूं। मैं कभी सपने में भी ऐसा नहीं सोचती हूं। हां जब बड़ी फिल्ममेकर बन जाऊंगी तो एक दिन अपनी फिल्म में प्रियंका को कास्ट करना चाहूंगी।' बिजनेस में हाथ आजमाने के मीरा के फैसले पर बहन प्रियंका चोपड़ा का क्या रिएक्शन था? इस बारे में वह बताती हैं, 'मैंने सीधे उन्हें अपनी फिल्म (गांधी टॉक्स) का टीजर भेजा। मैंने उनको बताया कि ये फिल्म मैंने प्रोड्यूस की है। उनको इस पर बहुत गर्व महसूस हुआ। प्रियंका का व्यवहार कुछ ऐसा है कि हम में से कोई जब कुछ अच्छा करता है, तो वह बहुत गौरवान्वित महसूस करती हैं। प्रियंका ने मुझे कहा था कि फिल्म बनाना बिल्कुल भी आसान काम नहीं है, आपने टीजर बना दिया है तो प्लीज अब फिल्म बनाओ। दरअसल, उन्होंने इस इंडस्ट्री में ही नहीं, बल्कि इस वर्ल्ड में जिस तरह से अपनी पहचान बनाई है, वो ग्लोबल स्टार बन चुकी हैं। जब आपके परिवार में ऐसा कोई होता है तो आप उससे प्रेरित होते हैं। आप पहले उसको देखते हैं। हमेशा एक चाह थी कि मैं कुछ ऐसा करूं कि प्रियंका कहे कि मुझे तुम पर गर्व है और उन्होंने ऐसा कहा, ये मेरे लिए ये बड़ी है।



### एक्टिंग में लगातार काम नहीं मिलता

एक इंटरव्यू में मीरा ने कहा था कि वह स्क्रीन पर वापसी के लिए लोगों के संपर्क में हैं। लेकिन अब वह बतौर फिल्ममेकर वापसी कर रही हैं। क्या शादी के बाद एक्टिंग में लौटना उनके लिए चुनौती भरा फैसला है? इस पर वह कहती हैं, 'मेरे सामने ऐसी कोई चुनौती नहीं आई। लेकिन एक्टिंग में क्या है कि आपको दो साल काम नहीं मिला तो आप काम नहीं करोगे, फिर एकदम से एक ही साल में दो प्रोजेक्ट आ जाएं तो आप काम करोगे। दरअसल, एक्टिंग ऐसा पेशा नहीं है कि लगातार आपको काम दे ही देगा। मैं ऐसा प्रोफेशन चाहती थी कि आपका लगातार काम चलता रहे, इसलिए मैंने प्रोडक्शन का काम शुरू किया। वो मेरे कंट्रोल में है कि मुझे कब क्या बनाना है, क्या करना है।

एक्टिंग में तो जब प्रोजेक्ट मिलेगा, जब आपको कुछ अच्छा लगेगा तब आप कर पाओगे। मैंने तीन साल काम करने के बाद फिर सोचा कि अब एक्टिंग में वापसी करूंगी और बहुत जल्द मैं आपको स्क्रीन पर दिखूंगी। एक्टिंग मेरा प्यार है, मैं जिंदगी में चाहे कुछ भी करूं, एक्टिंग नहीं छोडूंगी।'

### फिल्म के गाने बनाने में समय लग गया

साइलेंट फिल्म के साथ बतौर प्रोड्यूसर वापसी करना और फिल्म की स्क्रीनिंग के लंबे समय बाद रिलीज करना कितनी बड़ी चुनौती थी? इस बारे में वह कहती हैं, 'जब हमने स्क्रीनिंग की थी तो हमारा मकसद था कि इतना बड़ा स्टेप उठाने पर लोगों का रिएक्शन कैसा रहेगा, जो कि काफी अच्छा था। फिर हमने एक बड़ा बदलाव किया कि फिल्म का संगीत पांच भाषाओं में बनाएंगे, क्योंकि फिल्म में डायलॉग नहीं थे तो फिल्म को एक भाषा में रिलीज करना हमें सही नहीं लगा। इसलिए ए.आर रहमान सर ने शुरू से फिल्म का संगीत बनाना शुरू किया। हिंदी के गाने पहले से ही तैयार थे, तमिल, मलयालम, तेलुगु, मराठी के गाने बनाने शुरू किए। उसमें एक साल और लग गया। लेकिन हमारी मंशा थी कि चाहे एक-दो साल लग जाएं लेकिन जब फिल्म दर्शकों के सामने आए तो लोगों की वाहवाही मिले।

# बंगाल के एसआईआर में लाखों दावों-आपत्तियों से निपटेंगे झारखंड-ओडिशा के जज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के एसआईआर में 80 लाख दावों और आपत्तियों से निपटने के लिए सिविल जजों को नियुक्त करने और पड़ोसी राज्यों झारखंड व ओडिशा से न्यायिक अधिकारियों को बुलाने की अनुमति दे दी है। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की पीठ ने कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के एक पत्र पर संज्ञान लिया, जिसमें कहा गया था कि एसआईआर कवायद के लिए तैनात 250 जिला न्यायाधीशों को दावों और आपत्तियों से निपटने में करीब 80 दिन लगेंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गंभीर स्थिति और समय की कमी को ध्यान में रखते हुए पीठ ने प्रक्रिया संचालित करने के लिए सिविल जजों की तैनाती की अनुमति दी। उसने कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से झारखंड और ओडिशा के अपने समकक्षों से



अनुरोध करने और स्थिति से निपटने के लिए समान पदों के न्यायिक अधिकारियों की मांग करने को कहा। पीठ ने निर्वाचन आयोग को झारखंड और ओडिशा से न्यायिक अधिकारियों की तैनाती का खर्च वहन करने का निर्देश भी दिया। हाई कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को 28 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित करने की अनुमति भी दी और स्पष्ट किया कि सत्यापन प्रक्रिया आगे बढ़ने पर चुनाव आयोग पूरक सूचियां जारी कर सकता है। वर्ष 2002 की मतदाता सूची से पारिवारिक संबंध जोड़ने में तार्किक विसंगतियों में ऐसे मामले शामिल हैं, जिनमें माता-पिता के नाम में असंगति पाई गई है और मतदाता व उसके माता-पिता के बीच आयु का अंतर 15 साल से कम या 50 साल से ज्यादा है। सुप्रीम कोर्ट ने 20 फरवरी को पश्चिम बंगाल सरकार और निर्वाचन आयोग के बीच गतिरोध से निराश होकर राज्य में विवादों से घिरे एसआईआर में आयोग की सहायता के लिए सेवारत और पूर्व जिला न्यायाधीशों को तैनात करने का एक निर्देश जारी किया था। चुनाव आयोग और बंगाल में लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई टीएमसी सरकार के बीच दुर्भाग्यपूर्ण आरोप-प्रत्यारोप और विश्वास की कमी पर अफसोस जताते हुए पीठ ने एसआईआर प्रक्रिया को पूरा करने के लिए कई नए निर्देश पारित किए थे।

## गुटखे के प्रचार को लेकर हाईकोर्ट सख्त, शाहरुख, अजय देवगन और अक्षय कुमार को भी बनाया पक्षकार



लखनऊ (एजेंसी)। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खण्डपीठ ने गुटखा कंपनियों का प्रचार करने के मामले में अपने पूर्व के आदेश के पालन के संबंध में केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण को जवाब देने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई छह अप्रैल को होगी। मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने यह आदेश स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव की जनहित याचिका पर दिया है। दरअसल, हाईकोर्ट ने 25 नवंबर 2025 को हुई सुनवाई के दौरान प्राधिकरण से पूछा था कि 2023 में याची के प्रत्यावेदन पर अब तक जांच लंबित क्यों है? याचिका में गुटखा कंपनियों के साथ क्रिकेटर कपिल देव, सुनील गावस्कर, वीरेंद्र सहवाग, क्रिस गेल तथा अभिनेताओं अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान, अक्षय कुमार, अजय देवगन, सलमान खान, रितिक रोशन, टाइगर श्राफ, सैफ अली खां व रणवीर सिंह को भी पक्षकार बनाया गया है। याचिका में कहा गया है कि ये हस्तियां जो पान मसाला कंपनियों का प्रचार कर रही हैं उनमें से अधिकांश पद्म पुरस्कार धारक हैं और उनकी ओर से किए जाने वाले ऐसे विज्ञापनों से समाज में गलत संदेश जाता है। ये विज्ञापन उपभोक्ता कानूनों का उल्लंघन भी है।

## दर्दनाक हादसा-घर में लगी भीषण आग, एक ही परिवार के छह लोग जिंदा जले, महिला घायल

मेरठ (एजेंसी)। यूपी के मेरठ जिले में एक मकान में आग लगने से पांच बच्चों सहित छह लोगों की मौत हो गई और एक महिला घायल हो गई। मेरठ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने मंगलवार को यहां बताया कि घटना किदवई नगर इलाके में बीती रात करीब आठ बजे हुई। उन्होंने बताया कि इकबाल अहमद के आवास पर आग लगने की सूचना रात आठ बजकर 49 मिनट पर मिली, जिसके बाद पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि तीन मिनट के भीतर, डायल 112 पुलिस प्रतिक्रिया वाहन मौके पर पहुंच गया और उसके तुरंत बाद दमकल की गाड़ियां भेजी गईं। पुलिस के मुताबिक, घर में सिलाई का काम होता था और बड़ी मात्रा में कपड़े रखे हुए थे जिससे आग की लपटें तेजी से फैलने लगीं। उन्होंने कहा कि इलाके में संकरी गलियों के कारण दमकल वाहनों को घटनास्थल तक पहुंचने में चुनौती पेश आती है इसीलिए अग्निशमन विभाग के बेड़े में शामिल की गईं नयी मोटरसाइकिलों को भेजा गया। एसएसपी ने बताया कि एक स्थानीय निवासी ने भी फंसे लोगों को निकालने में मदद के लिए सीढ़ी लगाकर बचाव प्रयासों में सहायता की। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्ट्या शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने का संदेह है और विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना में सात लोग झुलसे हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में चिकित्सकों ने उनमें से छह लोगों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान रुखसार (25), महबीश (12), हम्माद (चार), अकदस (चार), नबिया (चार माह) और इनायत (चार माह) के रूप में की गई है, जो किदवई नगर में सुराही वाली मस्जिद के पास गली नंबर तीन के निवासी थे। एसएसपी ने बताया कि घायल महिला अमीर बानो (55) का उपचार किया जा रहा है। परिवार के एक सदस्य मोहम्मद फारूक ने कहा कि जब उन्हें आग लगने की सूचना मिली तो वह नमाज पढ़ने गए थे।

## नीतिश के मंत्री का राहुल गांधी पर हमला, देश की जनता अब उन्हें गंभीरता से नहीं लेती

पटना (एजेंसी)। बिहार में नीतिश सरकार में मंत्री मंगल पांडे ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि देश की जनता अब उन्हें गंभीरता से बिल्कुल नहीं लेती। राहुल गांधी की पहचान अब इसतरह के नेता के तौर पर है जो देश की छवि को धूमिल करने का काम कर रहा हैं, लेकिन राहुल गांधी को सफलता हाथ नहीं लग रही है। दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एआई समिट में यूथ कांग्रेस के शर्टलेस विरोध पर नीतिश सरकार में मंत्री पांडे ने कहा कि जब भी भारत को बदनाम करने या देश की इमेज खराब करने के लिए कांग्रेस सबसे आगे रहती है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी तेजी से मजाक का विषय बनते जा रहे हैं। इसकारण भारत की जनता राहुल गांधी को कभी गंभीरता से नहीं लेती। मंत्री पांडे ने कहा कि एआई समिट विश्व का मंच था, जहां 20 देशों के राष्ट्राध्यक्ष आए थे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा वहां जिस तरह का प्रदर्शन हुआ है, वह निंदनीय है। कांग्रेस के इस प्रोटेस्ट से सभी को बहुत आघात पहुंचा है। कांग्रेस के लोग पता नहीं कि अब लोकतंत्र में क्या दिखाना क्या चाहती है। कांग्रेस ने शर्टलेस प्रोटेस्ट से देश की छवि को खराब करने की कोशिश की, लेकिन कांग्रेस को सफलता नहीं मिली। भाजपा नेता अश्विनी कुमार चौबे ने इंडिया एआई समिट में यूथ कांग्रेस के शर्टलेस प्रोटेस्ट पर कहा कि आपने देखा कि एआई समिट में 140 देशों के प्रतिनिधियों का कॉन्फ्रेंस चल रहा था और किस प्रकार से कांग्रेस के द्वारा एक छोटी-सी बात को लेकर भारत की छवि को दुनिया के सामने खराब करने की कोशिश की गई।

## लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में नमाज पढ़ने पर 13 छात्रों को नोटिस

लखनऊ (एजेंसी)। रमजान के महीने में लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में नमाज पढ़ने को लेकर पुलिस प्रशासन ने छात्रों के खिलाफ कार्रवाई कर दी है। लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर स्थित लाल बारादरी में नमाज पढ़ने के प्रकरण में प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई कर 13 छात्रों को नोटिस दे दिया है। सहायक पुलिस आयुक्त/ कार्यपालक मजिस्ट्रेट, महानगर कमिश्नरेट लखनऊ द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा के तहत जारी नोटिस में आरोप लगाया गया है कि संबंधित छात्रों ने विश्वविद्यालय परिसर में लाल बारादरी के पास चल रहे निर्माण कार्य को बाधित करने का काम किया। कैंटीन के सामने सड़क पर बैठकर नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन किया। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थान पर नमाज पढ़ने की कोशिश की, जिससे शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका उत्पन्न हुई। पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर जारी आदेश में कहा गया है कि इन गतिविधियों से विश्वविद्यालय परिसर में तनाव की स्थिति उत्पन्न हुई और भविष्य में लोक शांति भंग होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी आधार पर कार्यपालक मजिस्ट्रेट ने सभी 13 छात्रों को निर्देश दिया है कि वे एक वर्ष तक शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की गारंटी के रूप में 50 हजार का व्यक्तिगत मुचलका और 50-50 हजार के दो जमानतदार प्रस्तुत करें। लखनऊ यूनिवर्सिटी परिसर की लाल बारादरी का वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें हिंदू छात्रों ने चेन बनाकर मुस्लिम छात्रों को नमाज पढ़ने में मदद की थी। सोमवार को छात्रों के दूसरे संगठन ने इसके विरोध में प्रदर्शन किया था। आरोप है कि लाल बारादरी में रेनोवेशन का काम चल रहा है। इसके बावजूद छात्र यहां नमाज अदा करने पहुंचे थे। जब छात्रों को नमाज पढ़ने से रोका गया तब हिंदू छात्रों ने बैरिकेटिंग को गिरा दिया और ह्यूमन चेन बनाकर खड़े हो गए। इसके बाद छात्रों ने नमाज अदा की और रोजा खोला।

## अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर महंगे आभूषण, लग्जरी घड़ियां और विदेशी मुद्रा के साथ महिला गिरफ्तार

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर कस्टम विभाग ने बड़ी कार्रवाई कर एक महिला यात्री को अवैध रूप से महंगे आभूषण, लग्जरी घड़ियां और विदेशी मुद्रा लाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अमेरिकी पासपोर्ट धारक यह महिला हांगकांग से फ्लाइट नंबर सीएएक्स-695 द्वारा टर्मिनल-3 पर पहुंची थी। महिला पर संदेह होने पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने उन्हें रोका और सामान की एक्स-रे जांच की। निर्धारित कानूनी प्रक्रिया के तहत विस्तृत तलाशी लेने पर भारी मात्रा में अघोषित विदेशी सामान बरामद हुआ।

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी राष्ट्रविरोधी ताकतों के प्रवक्ता बन चुके: अनुराग ठाकुर

**कांगड़ा (एजेंसी)।** भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी राष्ट्रविरोधी ताकतों के प्रवक्ता बन चुके हैं। कांगड़ा में भाजपा सांसद ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कई गंभीर आरोप लगाए। सांसद ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी देश विरोधी ताकतों के प्रवक्ता बने हुए हैं। वह भारत में रहकर और भारत के बाहर रहकर देश विरोधी एजेंडा चलाते हैं, इतना ही नहीं नकारात्मक पॉलिटिक्स को बढ़ावा देकर अराजकता फैलाने का प्रयास करते हैं। अब उनका एकमात्र काम झूठ बोलना, कन्फ्यूजन पैदा करना, भारत को बदनाम करना और मोदी विरोधी राजनीति करना है। जब भारत की इकॉनमी सबसे तेजी से बढ़ रही है, तब वह भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनमी कहते हैं। उन्हें भारत की तरक्की पसंद नहीं है। भाजपा सांसद ने कहा कि पूरी दुनिया ने एआई समिट की तारीफ की, वहां राहुल गांधी के इशारे पर उनके कार्यकर्ता शर्टलेस प्रदर्शन कर देश की छवि को धूमिल करने की कोशिश की। क्या राहुल गांधी की राजनीति विदेशों से तय हो रही है। कांग्रेसी विदेशियों का एजेंडा चला रहे हैं। कांग्रेस पार्टी जॉर्ज



सोरेस के कहने पर चल रही है। कांग्रेस पार्टी राजीव गांधी फाउंडेशन में चंदा ले रही है और फिर चीन का गुणगान कर रही है।

उन्होंने कहा कि आज राहुल का मतलब क्या हो गया है? आर से रार, ह से हुडदंग, ल से लंफगई। उनकी जगहंसाई हो रही है। सवाल पूछे जा रहे हैं कि क्या राहुल गांधी सच में नेता प्रतिपक्ष हैं।

भाजपा सांसद ने कहा कि संसद में महिला सांसदों को भेजकर पीएम की सीट का घेराव करना किस तरह की राजनीति है। विदेशी मंचों पर जाकर राहुल गांधी बयान देते हैं। एक के बाद एक झूठ बोलते हैं, उनका यही काम रह गया है। कांग्रेस अराजकता, अफवाह और दंगा फैलाने की हरसंभव कोशिश कर रही है। राहुल गांधी जो सोच रहे हैं, वह सफल नहीं हो सकते है।

## कांग्रेस डरपोक नहीं, संविधान की रक्षा के लिए जो भी त्याग करना पड़ेगा करेंगे

### मल्लिकार्जुन खड़गे ने उदय भानु चिब की गिरफ्तारी को लेकर दी तीखी प्रतिक्रिया

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इंडियन यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी को लेकर कहा कि वे हमारे युवा नेताओं को डराने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस न तो डरपोक है और न ही डरने वाली है। लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए जो भी त्याग करना पड़ेगा, हम करेंगे।

बेंगलुरु में मीडिया से बातचीत में खड़गे ने कहा कि जब कॉमनवेल्थ गेम्स हो रहे थे, तो नितिन गडकरी और बीजेपी नेताओं ने क्या किया? ऐसे हर इवेंट में वे देश की भावना को समझने में नाकाम रहे। उन्होंने यह नहीं सोचा कि इससे उस समय भारत और विदेश के एथलीटों को क्या संदेश जाएगा। बीजेपी दूसरों के बारे में तो बहुत कुछ कहती है, लेकिन अपने गिरेबान में नहीं झांकती है। अगर वे अपने गिरेबान में झांकेंगे, तो शायद उन्हें अपनी सच्चाई दिखाई देगी। मैं यूथ कांग्रेस अध्यक्ष



भानु की गिरफ्तारी की निंदा करता हूं।

रिपोर्ट के मुताबिक खड़गे ने कहा कि युवा आज नौकरी के लिए तड़प रहे हैं और देश का माहौल इतना खराब हो चुका है कि उसके कारण केंद्र सरकार के प्रति लोगों में भारी रोष है। मैं चाहता था कि पीएम मोदी देश के लिए कुछ अच्छा कार्य करें, लेकिन केंद्र सरकार नहीं कर रही है। हमारी सरकार वह कर रही है जो अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप कहते हैं। ऐसा लगता है कि ट्रंप के सामने सरकार ने घुटने टेक दिए हैं। उन्होंने भारत-अमेरिका ट्रेड डील से किसानों का नुकसान होगा। हमें बंधुआ मजदूर बनाने की दिशा में धकेला जा रहा है।

खड़गे ने कहा कि सरकार की ओर से कांग्रेस को डराया जा रहा है, लेकिन कांग्रेस डरने वाली नहीं है और न ही डरपोक है। हमारे देश में लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए जो भी त्याग करना पड़ेगा, हम करेंगे। हम लड़ते रहेंगे और सरकार के खिलाफ संघर्ष जारी रखेंगे। उन्होंने एआई समिट में यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन के बाद पुलिस की कार्रवाई पर कहा कि प्रदर्शन करने के बाद अगर हिरासत में लिया जाता है तो पुलिस कुछ देर बाद छोड़ देती है, लेकिन इस मामले में ऐसा नहीं हुआ। कांग्रेस को निशाना बनाकर डर पैदा करने के लिए काम कर रहे हैं और कांग्रेस डरने वाली नहीं है।

## केरल का नाम बदलकर 'केरलम' करने पर थरुर का मजाकिया अंदाज

नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल का नाम बदलकर 'केरलम' करने की चर्चा के बीच कांग्रेस सांसद शशि थरुर ने एक दिलचस्प लेकिन अहम भाषाई सवाल उठा दिया है। तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद थरूर ने अपनी पोस्ट पर प्रतिक्रिया देकर कहा कि नाम परिवर्तन सभी के लिए अच्छा कदम हो सकता है, लेकिन अंग्रेज़ी बोलने वालों के लिए एक छोटा सा भाषाई प्रश्न खड़ा होता है। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज़ में पूछा कि अगर राज्य का नाम 'केरलम' हो जाएगा, तब वहां के निवासियों को क्या कहा जाएगा....केरलाइट', 'केरलन' या कुछ और?

कांग्रेस सांसद थरूर ने मजाकिया लहजे में लिखा कि 'केरलमाइट' शब्द सुनने में किसी सूक्ष्म जीव (माइक्रोब) जैसा लगता है, जबकि 'केरलमियन' किसी दुर्लभ खनिज (रेयर अर्थ मटीरियल) की तरह प्रतीत होता है। उन्होंने केरल के सीएम ऑफिस को टैग कर सुझाव दिया कि शायद मुख्यमंत्री नए शब्द के चयन के लिए कोई प्रतियोगिता आयोजित कर सकते हैं। उनका यह बयान तब आया है जब केंद्र की मोदी सरकार राज्य का नाम आधिकारिक रूप से 'केरलम' करने सहमति जता चुकी है।

## महाराष्ट्र से एनसीपी पार्थ पवार को राज्यसभा चुनाव में उतारेगी, बीजेपी के अंदर नामों को लेकर मंथन

### -शिवसेना शिंदे गुट के लिए एक सीट सुरक्षित

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र की सात राज्यसभा सीटों पर होने वाले चुनाव से पहले महाराष्ट्र में सियासत में हलचल तेज हो गई है। महायुति की सरकार में शामिल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने इस लेकर अपने उम्मीदवार पर बड़ा फैसला लिया है। सूत्रों के अनुसार, सोमवार की रात प्रफुल्ल पटेल के आवास पर पार्टी की कोर कमेटी की हुई बैठक में पार्थ पवार को राज्यसभा चुनाव में उतरने पर सहमति बनी है। बैठक में प्रफुल्ल पटेल के अलावा उप मुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार और प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल थे। 26 फरवरी को होने वाली बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव पर मुहर लग सकती है, जहां सुनेत्रा पवार का नाम सबसे आगे माना जा रहा है।

दूसरी ओर, भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) भी अपने उम्मीदवारों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में जुटी हुई है। पार्टी इस बार राज्यसभा की चार सीटों पर उम्मीदवार उतारने की तैयारी में है। इसमें रामदास अठावले का नाम करीब तय है, जबकि विनोद तावड़े, विजया रहाटकर और धैर्यशील पाटिल के नामों पर



अंतिम निर्णय होना बाकी है।

बात दें कि महाराष्ट्र में इस बार राज्यसभा की 7 सीटें खाली हैं और 286 विधायकों के आधार पर एक उम्मीदवार को जीत के लिए 37 वोटों की जरूरत होगी। आंकड़ों के अनुसार, सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के पास स्पष्ट बढ़त है। सिर्फ बीजेपी के पास एक निर्दलीय को मिलाकर कुल (131+1) यानी 132 विधायकों का समर्थन है, इस संख्याबल के दम पर 3 से 4 सांसद आसानी से भेज सकती है। वहीं शिवसेना (शिंदे गुट) अपने 58 विधायकों के साथ एक सीट सुरक्षित कर सकती है, जबकि एनसीपी (अजित पवार गुट) भी एक सीट जीतने की स्थिति में है, क्योंकि अजित पवार की मौत के बाद उसके पास 40 विधायक हैं।

इसके मुकाबले महाविकास अघाड़ी (एमवीए), जिसमें कांग्रेस, एनसीपी (शरद पवार गुट) और शिवसेना (ठाकरे गुट) शामिल हैं, के पास कुल मिलाकर करीब 49 विधायकों का समर्थन है। इस संख्या के आधार पर एमवीए केवल एक सीट ही सुरक्षित कर सकती है। राजनीतिक समीकरणों के हिसाब से महायुति गठबंधन 6 सीटों पर मजबूत दिख रहा है, जबकि विपक्षी गठबंधन को सीमित सफलता मिलने की संभावना है।

## उड़ान भरते ही विमान इंजन हुआ फेल, दिल्ली एसरपोर्ट पर कराई आपात लैंडिंग

### -कॉकपिट में नहीं मिला फायर वार्निंग संकेत, विमान में सवार थे 150 यात्री

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली से लेह जा रहे स्पाइस जेट विमान की मंगलवार उड़ान भरने के तुरंत बाद ही विमान में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण लेह जाने के बजाय दिल्ली एयरपोर्ट पर इसकी इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। विमान में करीब 150 यात्री सवार थे। इस घटना में किसी को नुकसान नहीं हुआ है। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि इंजन नंबर-2 फेल होने से इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। लैंडिंग के बाद यात्रियों के लिए यात्रा की वैकल्पिक व्यवस्था की उम्मीद है। स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने बताया कि तकनीकी खराबी के चलते दिल्ली से लेह जा रहे विमान को वापस बुलाना पड़ा। विमान की सुरक्षित लैंडिंग हुई और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। कॉकपिट में फायर वार्निंग का कोई संकेत नहीं मिला।

रिपोर्ट के मुताबिक बताया जा रहा है कि फ्लाइट एसजी121 दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से




निकली थी। टेक ऑफ के तुरंत बाद ही क्रू मेंबर्स को तकनीकी खराबी का पता चला। सावधानी बरतते हुए पायलटों ने विमान को दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंड करने का फैसला लिया। विमान की पूरे प्रोटोकॉल के साथ लैंडिंग करवाने के बाद सुरक्षा एजेंसियों के साथ मेडिकल टीम और फायर सर्विस भी वहां मौजूद थी।

बता दें इससे पहले असम के डिब्रूगढ़ से कोलकाता के लिए उड़ान भरने वाली इंडिगो एयरलाइन के एक विमान में 14 फरवरी को बम होने की धमकी मिली थी जिसके बाद विमान की तुरंत ही इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। वहीं बीते साल 2 दिसंबर को कुवैत से हैदराबाद आ रही इंडिगो के एक विमान में बम की धमकी के बाद मुंबई में उसकी इमरजेंसी लैंडिंग कराई थी। विमान में बम की चेतावनी की धमकी ई-मेल से मिली थी जो कि बाद में फर्जी निकली। वहीं बीते साल ही 12 नवंबर को एयर इंडिया एक्सप्रेस के मुंबई से वाराणसी जा रहे विमान के टॉयलेट में कागज पर बम लिखा मिलने के बाद वाराणसी में इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई थी।

## कांग्रेस गुटबाजी, अविश्वास और सहयोगी दलों के साथ तालमेल की कमी से हाशिये पर!

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा के इस्तीफा देने के बाद पार्टी की लगातार गिरती राजनीतिक स्थिति और केंद्रीय नेतृत्व की भूमिका पर सवाल उठ खड़े हुए हैं। बोरा ने चुनाव से ठीक पहले पार्टी छोड़कर बीजेपी का दामन थाम लिया है, जिससे संगठनात्मक कमजोरी और आंतरिक कलह तेज हो गई है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कई राज्यों में कांग्रेस की इकाइयां अंदरूनी गुटबाजी, आपसी अविश्वास और सहयोगी दलों के साथ तालमेल की कमी के कारण हाशिये पर आ रही है। आलोचकों के मुताबिक शीर्ष नेतृत्व की निर्णय प्रक्रिया में कथित 'सुस्ती' और समय पर हस्तक्षेप न कर पाने की प्रवृत्ति पार्टी के लगातार क्षरण का कारण बन रही है।

कर्नाटक में सीएम सिद्दारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के बीच सत्ता संतुलन को लेकर लंबे समय से खींचतान चल रही है। बताया जाता है कि राहुल गांधी की मुलाकातों के बावजूद मतभेद खत्म नहीं हुए हैं। हिमाचल प्रदेश में सुखविंदर सिंह सुक्खू और प्रतिभा सिंह गुटों के बीच प्रदेश अध्यक्ष पद को लेकर संघर्ष जारी है। पार्टी ने राज्य इकाई भंग कर संतुलन साधने की कोशिश की, लेकिन असंतोष बना रहा। दिल्ली में जहां कभी शीला दीक्षित के नेतृत्व में 15 साल तक कांग्रेस की सरकार रही, पार्टी आज एकजुट चेहरा पेश करने में नाकाम है।

वहीं हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कुमारी सैलजा के बीच मतभेदों ने 2025 के विधानसभा चुनाव में पार्टी की संभावनाओं को नुकसान पहुंचाया। पंजाब में कैप्टन अमरिंदर सिंह और नवजोत सिंह सिद्धू के बीच टकराव ने पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचाया। बाद में चरणजीत सिंह चन्नी को जिम्मेदारी दी गई, लेकिन तब तक काफी क्षति हो चुकी थी। यूपी में संगठन भंग करने के बावजूद कांग्रेस पुनर्जीवित नहीं हो पाई। पूर्वोत्तर राज्यों, खासकर असम और अरुणाचल प्रदेश में भी पार्टी अव्यवस्था का सामना कर रही है। पश्चिम बंगाल में सीएम ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी ने कांग्रेस से दूरी बना ली है। झारखंड में हेमंत सोरेन की पार्टी के साथ गठबंधन भी अपेक्षित परिणाम नहीं दे सका।

बिहार में राजद के साथ गठबंधन के बावजूद कांग्रेस को 'बोझ' के रूप में देखा गया। ओडिशा में संगठन लगातार कमजोर हो रहा है। राजस्थान में अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच टकराव को 2023 में सत्ता गंवाने की बड़ी वजह माना गया। गुजरात और महाराष्ट्र में भी पार्टी दो दशक से ज्यादा समय से बीजेपी को चुनौती देने में विफल रही है। तमिलनाडु में द्रमुक के साथ गठबंधन के बावजूद सीट बंटवारे को लेकर मतभेद उभरे हैं, जिससे आगामी चुनावों से पहले असहज स्थिति बन रही है। कुल मिलाकर कई राज्यों में लगातार गुटबाजी, नेतृत्व संकट और सहयोगियों के साथ तालमेल की कमी ने कांग्रेस की स्थिति को कमजोर किया है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि क्या चुनौतियों के लिए शीर्ष नेतृत्व जिम्मेदार है।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित,
मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com